शुभ दीपावली

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 31 अक्टूबर, 2024, गुरुवार, वर्ष 10, अंक 14, कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00



















आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 74,500 रु./10 ग्राम
चांदी 102,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 31 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



# झारखंड की तीन सीटों पर इंडी अलायंस में फंसा पेंच

## ■ विश्रामपुर और छतरपुर में कांग्रेस और राजद ने उतार दिये प्रत्याशी

## ■ धनवार में भाकपा माले और झामुमो के बीच नहीं बन सकी बात

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही दो चरणों में होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरे योद्धाओं की स्थिति भी लगभग साफ हो गयी है। झारखंड का यह चुनाव मुख्य रूप से झामुमो के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के बीच है। सत्तारूढ़ गठबंधन में झामुमो के अलावा कांग्रेस, राजद और भाकपा माले हैं, तो एनडीए में भाजपा के साथ आजसू, जदयू और लोजपा-आर है। अब चुनाव की जो स्थिति बन रही है, उसमें साफ हो गया है कि इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग का मसला नहीं सुलझ सका है, जबकि एनडीए में यह मसला बिना किसी विवाद के पूरी तरह सुलझ गया है। इंडी अलायंस के चारों घटक दलों के बीच तीन सीटों को लेकर पेंच फंसा हुआ है और इन पर अब फ्रेंडली फाइट या दोस्ताना संघर्ष होना तय हो गया है, यानी इन सीटों पर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी भाजपा के अपने प्रतिद्वंद्वियों के साथ अपने मित्र दलों के प्रत्याशियों का भी मुकाबला करेंगे। ये सीटें हैं, विश्रामपुर, छतरपुर और धनवार। विश्रामपुर और छतरपुर में जहां कांग्रेस और राजद ने अपने-अपने प्रत्याशी उतार दिये हैं, वहीं धनवार में झामुमो और माले आमने-सामने हैं। इस तरह ये तीन सीटें झारखंड के चुनावी रोमांच को बढ़ा रही हैं। इन सीटों पर होनेवाला यह दोस्ताना मुकाबला कैसे और कैसा होगा, इसका स्वरूप अभी तय होना बाकी है, लेकिन इतना तय है कि इंडी अलायंस के घटक दलों के बीच हुए विवाद का लाभ भाजपा को होगा। क्या है इन तीन सीटों का समीकरण और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह




झारखंड की 81 विधानसभा सीटों के लिए 13 और 20 नवंबर को होनेवाले चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया खत्म हो गयी है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने सीटों का बंटवारा आसानी से कर लिया, लेकिन झामुमो के नेतृत्व वाले इंडी ब्लॉक में अंतिम समय तक सीटों का मामला नहीं सुलझा है। तीन सीटों विश्रामपुर, छतरपुर और धनवार में इस गठबंधन के घटक दल आपस में ही मुकाबला करते दिख रहे हैं। इंडी ब्लॉक में झामुमो 43, कांग्रेस 30, लालू यादव की राजद ने छह सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। तीन सीटों, बगोदर, सिंदरी और निरसा में भाकपा माले के प्रत्याशी हैं। एनडीए में भाजपा 68, सुदेश महतो की आजसू 10, नीतीश कुमार की जदयू दो और चिराग पासवान की लोजपा-आर एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। इस गठबंधन ने सीटों का बंटवारा आसानी से कर लिया।

### 14 सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला, दो पर चार में जंग

नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद जो मुकाबले की जो तस्वीर उभरी है, उसके अनुसार राज्य की 14 सीटें ऐसी हैं, जहां त्रिकोणीय मुकाबला होगा, तो दो सीटों पर चतुष्कोणीय संघर्ष की स्थिति बन गयी है। शेष 65 सीटों पर दोनों गठबंधन आमने-सामने हैं। जिन तीन सीटों पर इंडी ब्लॉक के घटक दलों में दोस्ताना मुकाबले की स्थिति है, उनमें विश्रामपुर और छतरपुर में कांग्रेस और राजद आमने-सामने हैं, जबकि धनवार सीट पर झामुमो और माले ने प्रत्याशी देकर मुकाबले को रोचक बना दिया है।

### विश्रामपुर, छतरपुर और धनवार का गणित

इन तीन सीटों पर इंडी ब्लॉक के घटक दलों के बीच समझौते की गुंजाइश लगभग खत्म हो गयी है। विवाद की शुरूआत कांग्रेस द्वारा विश्रामपुर से सुधीर कुमार कुशवाहा को उम्मीदवार बनने से हुई थी। सीट शेयरिंग समझौते के अनुसार यह सीट राजद के कोटे में गयी थी और उसने सुधीर चंद्रवंशी को अपना प्रत्याशी बनाया था। कांग्रेस द्वारा विश्रामपुर से प्रत्याशी उतारने का बदला राजद ने छतरपुर से लिया। उसने यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर के खिलाफ विजय राम को मैदान में उतार दिया। पलामू प्रमंडल की तीसरी सीट हुसैनाबाद में भी पेंच फंस रहा था, क्योंकि कांग्रेस ने वहां से निर्दलीय नामांकन दाखिल करनेवाले एम तौसीफ को पार्टी का सिंबल दे दिया था। संयोग से उनका नामांकन रद्द हो गया और वहां इंडी ब्लॉक के बीच होनेवाला दोस्ताना मुकाबला टल गया। 2019 में विश्रामपुर और छतरपुर सीट से भाजपा प्रत्याशियों की जीत हुई थी। विश्रामपुर से भाजपा के रामचंद्र चंद्रवंशी जीते थे और छतरपुर से पुष्पा देवी। इस बार भाजपा की तरफ से यही दोनों मैदान में हैं। विश्रामपुर और छतरपुर जैसी स्थिति धनवार सीट पर भी पैदा हुई है। यहां से भाकपा माले ने राजकुमार यादव को टिकट दिया है, जबकि झामुमो ने यहां से निजामुद्दीन अंसारी को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा की तरफ से बाबूलाल मरांडी यहां प्रत्याशी हैं, जिन्होंने 2019 में भी जीत हासिल की थी।

### पूर्व के चुनावों में क्या हुआ

2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो 43 सीट पर लड़ा था, जबकि कांग्रेस 31 और राजद ने सात सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। इसमें झामुमो को 30, कांग्रेस को 16 और राजद को एक सीट पर सफलता मिली थी। उस चुनाव में बाबूलाल मरांडी की तत्कालीन पार्टी झारखंड विकास मोर्चा को भी तीन सीटों पर सफलता मिली थी। बाद में बाबूलाल के भाजपा में शामिल होने पर बचे दो विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की कांग्रेस में शामिल हो गये थे। भाकपा माले को एक सीट पर सफलता मिली थी, जिसने हेमंत सरकार को अपना समर्थन दिया था। उस चुनाव में कुल 88 पार्टियों ने अपने उम्मीदवार उतारे थे और निर्दलीय को मिलाकर कुल 1216 प्रत्याशी मैदान में थे। चुनाव में भाजपा को सबसे अधिक 33.37 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। वहीं झामुमो को 18.72 फीसदी, कांग्रेस को 13.88 फीसदी, आजसू पार्टी को 8.1 फीसदी, झाविमो को 5.45 फीसदी और राजद को 2.75 प्रतिशत मत हासिल हुए थे। राजद को सात में से केवल एक चतरा विधानसभा सीट पर सफलता मिली थी, जबकि बाकी छह सीटों, देवघर, गोड्डा, कोडरमा, छतरपुर और हुसैनाबाद में वह दूसरे स्थान पर रही थी। इन सीटों पर हार का अंतर भी डेढ़ हजार से तीन हजार वोटों का रहा था। बरकट्ठा में राजद सातवें स्थान पर था। साल 2014 में झामुमो 19, कांग्रेस छह और राजद शून्य पर था। साल 2009 में झामुमो 18, कांग्रेस 14 और राजद ने पांच सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं साल 2005 में झामुमो को 17, कांग्रेस को नौ और राजद को सात सीटों पर जीत मिली थी।

### इस विवाद का क्या होगा असर

जहां तक झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन के आपसी मनमुटाव के खुलकर बाहर आने के असर का सवाल है, तो इन तीन सीटों के अलावा हर सीट पर इसका कुछ न कुछ असर जरूर पड़ेगा। इस विवाद का पहला मैसेज यही गया है कि इंडी गठबंधन के घटक दलों में अब भी विवाद है। इंडी गठबंधन के सीट शेयरिंग में तय हुआ था कि झामुमो 40 और कांग्रेस 30 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि राजद को सात और भाकपा माले को चार सीटें दी गयीं। अब जबकि विवाद सामने आ गया है, तो राजनीति के जानकारों का मानना है कि यदि तेजी से डैमेज कंट्रोल नहीं किया गया, तो जनता के बीच इसका गलत मैसेज जायेगा। यदि यह विवाद दूर नहीं हुआ, तो हरियाणा जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। वैसे जानकारों का कहना है कि गठबंधन में रहना कांग्रेस, राजद और भाकपा-माले की मजबूरी और जरूरत दोनों है। ये दल जानते हैं कि यदि उन्होंने गठबंधन को नुकसान पहुंचाया, तो इसका सीधा असर उनकी चुनावी संभावनाओं पर पड़ेगा और भाजपा को इसका लाभ मिल जायेगा।

---

## अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर हिमंता बिस्वा सरमा ने किया स्थल निरीक्षण

# भाजपा की सरकार बनने पर 2.87 लाख युवाओं को नौकरी : हिमंता बिस्वा सरमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बरकट्ठा आगमन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। बुधवार को झारखंड प्रदेश भाजपा सहप्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा गैड़ा हाइस्कूल मैदान का जायजा लिया। जानकारी हो कि आगामी तीन नवंबर को बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गैड़ा हाइस्कूल मैदान में भाजपा प्रत्याशी सह विधायक अमित कुमार यादव के पक्ष में अमित शाह चुनावी जनसभा करेंगे। हिमंता बिस्वा सरमा एवं राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह तीन नवंबर को चुनावी सभा को दिन के 12 बजे संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बननी तय है। भाजपा की सरकार बनने पर यहां के युवाओं को दो लाख 87 हजार नौकरी दी जायेगी। यहां पर हेमंत सोरेन लोगों को खाली झोला दे रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसमें लोगों को राशन दे रहे हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही भगवान हैं। कार्यकर्ताओं के भरोसे ही भाजपा सरकार बनाती है।

मौके पर बरकट्ठा भाजपा विधानसभा प्रभारी सरोज सिंह, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो, बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, पूर्व अध्यक्ष टुकलाल नायक, अनील आजाद, टिंकू प्रसाद, छोटेलाल मेहता, तुलसी चौधरी, सरयू प्रसाद, संजय गुप्ता, रीतलाल प्रसाद, इंद्रदेव यादव, राजकुमार मंडल, अशोक वर्णवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## रांची के एक निजी स्कूल में पुलिस का छापा, एक करोड़ 14 लाख बरामद

**रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को रांची पुलिस ने अहले सुबह नामकुम इलाके के एक निजी स्कूल में छापामारी की। पुलिस का यह छापा इस सूचना पर पड़ा था कि स्कूल में एक राजनीतिक दल का पैसा है। करीब 4 घंटे तक स्कूल के कमरों की तलाशी लेने के बाद पुलिस ने एक करोड़ 14 लाख रुपये बरामद किया है। पुलिस ने इसकी सूचना आयकर विभाग को भी दे दी थी। बरामद रकम को बैंक में जमा कर दिया गया है। इस पूरे मामले पर रांची के उपायुक्त वरुण रंजन और एसएसपी चंदन सिन्हा ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर बताया कि जब्त रकम का उपयोग मतदान को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता था। इतनी बड़ी रकम कहां से स्कूल पहुंची है रांची पुलिस पता लगा रही है। इस संबंध में नामकुम थाना में कांड संख्या 419/24 दर्ज किया गया है।**

## कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी

# राहुल, सोनिया समेत प्रदेश के कई नेताओं के नाम शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित कई आला नेता स्टार प्रचारक होंगे। पार्टी ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची मंगलवार को जारी की। इस सूची में प्रदेश के कई आला नेता शामिल हैं। इसके साथ दूसरे प्रदेश और राष्ट्रीय पदाधिकारी को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है।

**राष्ट्रीय नेता जो स्टार प्रचारक हैं :** केसी वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद, तारीक अनवर, अधीर रंजन चौधरी, मल्लू भाटी विक्रमाकर, बीके हरि प्रसाद, गौरव गोगई, किशोरी लाल शर्मा, इमरान प्रतापगढ़ी, पवन खेरा, सुप्रिया श्रीनेत, जीगनेश मेवानी, अलका लंबा, शाजिद अनवर, उदय भानू चीब।

**प्रदेश के नेता जो स्टार प्रचारक हैं :** झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव, सुबोधकांत सहाय, प्रणव झा, प्रदीप बलमुचु, राजेश ठाकुर, सुखदेव भगत, कालीचरण मुंडा, फुरकान अंसारी, चंद्रशेखर दुबे, बंधु तिर्की, योगेंद्र साव, प्रदीप यादव, मणिशंकर, भीम कुमार, अनवर अहमद अंसारी, रिजायुल अंसारी, राजेश सिन्हा सन्नी और दयामनी बारला।

## पद्मश्री मुकुंद नायक बीमार, बेहतर इलाज के लिए एम्स रेफर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पद्म श्री मुकुंद नायक कुछ दिनों से बीमार चल रहे हैं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली एम्स ले जाया गया है। इससे पहले मुकुंद नायक को बुधवार को पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दरअसल उन्हें स्पाइनल कोड में दर्द के अलावा अन्य दिक्कतें थीं। जिससे उन्हें चलने-फिरने और उठने-बैठने में भी दिक्कत हो रही थी। जिसके बाद घरवालों ने पारस अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन समस्या ज्यादा होने की वजह से उन्हें एम्स रेफर कर दिया गया।

यह जानकारी पद्म श्री मुकुंद नायक की पत्नी द्रौपदी देवी ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार दोपहर दो बजे के बाद एंबुलेंस से पारस अस्पताल धुर्वा पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, डॉ आलोक की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। लेकिन बेहतर इलाज के लिए एम्स रेफर कर दिया गया। उनकी देखरेख में दो पुत्र नंदलाल नायक और सूर्यकांत नायक कर रहे हैं।

## गढ़वा के नगर उंटारी में एसीबी की कार्रवाई

# प्रधानाध्यापक को पांच हजार रुपये घूस लेते किया गिरफ्तार

### एमडीएम राशि निकालने के लिए की थी रिश्वत की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर्गत नगर उंटारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा को पांच हजार घूस लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम उनसे पूछताछ कर रही है। साथ ही एसीबी ने पलामू ले गयी। जानकारी के अनुसार वादी ने एक आवेदन दिया गया था कि वे राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी में विद्यालय प्रबंधन समिति एसएससी के अध्यक्ष हैं।

सितंबर महीने की मिड डे मील की राशि की निकासी के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा द्वारा 5,000 रुपये घूस मांगा जा रहा है। मिड डे मील की राशि निकासी का नियम है कि हर महीना की 31 या 01 तारीख तक निकासी कर लेनी है। 15 दिन अधिक हो जाने के बाद भी निकासी नहीं हुई। इस राशि की निकासी के लिए प्रधानाध्यापक की ओर से 5000 रुपये घूस मांगे गये थे।

शुभ दीपावली

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 31 अक्टूबर, 2024, गुरुवार, वर्ष 10, अंक 14, कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

**शुभकामनाएं**

आजाद सिपाही के पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं, एजेंटों, शुभचिंतको, समेत तमाम झारखंड वासियों को ज्योति पर्व दीपावली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। –प्रबंधक

**अवकाश की सूचना**

दीपावली के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही कार्यालय में 31 अक्टूबर 2024 (गुरुवार) को अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 2 नवंबर 2024 (शनिवार) को प्रकाशित होगा। –प्रबंधक

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# स्थानीय-नियोजन नीति और देवघर एसपी को हटाने के निर्देश पर भाजपा-झामुमो आमने-सामने

## ▪ बाबूलाल मरांडी ने हेमंत पर साधा निशाना ▪ हेमंत ने भाजपा पर किया दोषारोपण

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा चुनाव के बीच नेतागण हर दिन नये-नये मुद्दे उठा रहे हैं। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा-झामुमो स्थानीय और नियोजन नीति और देवघर एसपी को हटाने के निर्देश पर आमने-सामने आ गये हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री अपनी नाकामी का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ रहे हैं। स्थानीय और नियोजन नीति बनाने का अधिकार राज्य सरकार पास है, लेकिन वह पांच साल निजी हित में व्यस्त रहे। वहीं, चुनाव आयोग द्वारा देवघर एसपी को हटाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर दोषारोपण किया। उन्होंने कहा कि भाजपा दलित-आदिवासी विरोधी है। आदिवासी अधिकारियों को लगातार परेशान किया जा रहा।

## स्थानीय और नियोजन नीति बनाने का अधिकार राज्य सरकार के पासः बाबूलाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार अब राज्य की जनता को स्थानीय और नियोजन नीति बनाने के मुद्दे पर बरगलाना बंद करे। राज्य की जनता उसकी चाल और चरित्र को समझ चुकी है। स्थानीय और नियोजन नीति बनाने का अधिकार राज्य सरकार के पास होता है, ना कि केंद्र सरकार के पास। बाबूलाल यहां बुधवार को भाजपा के मीडिया सेंटर के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे। इस मौके पर भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, प्रतुल शाहदेव समेत अन्य लोग मौजूद थे।



गौरतलब है कि हेमंत सोरेन स्थानीय और नियोजन नीति नहीं बन पाने का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ते रहे हैं। वह समय-समय पर बोलते रहे हैं कि केंद्र सरकार की वजह से नीति नहीं बन पायी। राज्य सरकार ने विधानसभा से पारित कर दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन पांच साल से जनता को केवल बरगला रहे हैं। यहां के युवाओं को रोजगार देने की उनकी मंशा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही राज्य की तीसरी और चौथी श्रेणी की नौकरी झारखंड के बच्चों एवं बच्चियों के लिए सुरक्षित होगी।

बाबूलाल ने भाजपा के पांच प्रण को गिनाते हुए कहा कि सरकार बनने पर इसे हर हाल में लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गोगो दीदी योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए है। हेमंत सरकार की तरह भाजपा का यह चुनावी एजेंडा नहीं है। हेमंत सरकार ने चुनाव आने पर महिलाओं को 1000 रुपये महीना देना शुरू किया। भाजपा की गोगो दीदी योजना को देखकर झामुमो ने आनन-फानन में इसे बढ़कर 2500 रुपये करने का ऐलान कर दिया। अब हेमंत सोरेन चुनावी सभाओं में महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये देने की बात कह रहे हैं। हेमंत सोरेन इस मामले में खुद ही स्पष्ट नहीं है कि वह क्या करेंगे। ऐसे में आम लोग उन पर भरोसा नहीं कर पायेंगे। हेमंत सोरेन हताशा में हैं। उन्हें इस बात का आभास हो चुका है कि उनकी सरकार जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर 2.87 लाख खाली सरकारी पदों पर बहाली की जायेगी। पहले साल 1.50 लाख पदों पर नियुक्ति की जायेगी। पहली कैबिनेट में ही परीक्षा के आयोजन, रिजल्ट निकालने की तारीख तय कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा की थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरी झारखंड के लोगों को ही मिले। उन्होंने कहा भाजपा जो कहती है, वह पूरा करती है।

## दलित-आदिवासी अधिकारियों को परेशान किया जा रहाः हेमंत सोरेन

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव आयोग द्वारा देवघर एसपी को हटाये जाने पर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस बारे में पोस्ट किया है। हेमंत ने लिखा कि दलित-आदिवासी अफसरों को लगातार परेशान किया जा रहा है।



दरअसल भारत निर्वाचन आयोग ने देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को हटाये जाने का निर्देश दिया है। इस संबंध में आयोग ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर तीन आइपीएस अधिकारियों का पैनल मांगा है। इनमें से किसी एक को देवघर का एसपी बनाया जायेगा। सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत पर लोकसभा चुनाव 2024 के ठीक पहले अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर से हटाया गया था। हालांकि चुनाव संपन्न होते ही राज्य सरकार ने फिर से अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर का एसपी बना दिया था। पर अब विधानसभा चुनाव को देखते निर्वाचन आयोग ने उन्हें फिर से देवघर से हटाये जाने का फैसला लिया है। इससे पहले आयोग की पहल और पुराने रिकॉर्ड को देखते हुए रांची के डीसी मंजुनाथ भयंत्री को हटाया गया था।

इस फैसले पर हेमंत ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि दलित आइएएस अफसर को हटाया गया, लगातार परेशान किया गया। अब आदिवासी आइपीएस अफसर को लगातार परेशान किया जा रहा है। भाजपा को घेरते हुए उन्होंने कहा कि उसे आखिर दलितों, आदिवासियों से इतनी परेशानी क्यों है?

## झारखंड से लूट और भ्रष्टाचार का अंधेरा छंटेगाः शिवराज सिंह चौहान

**भाजपा के चुनाव प्रभारी ने कहा, पार्टी जल्द ही विस्तृत घोषणा पत्र जारी करेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सह भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस की सरकार रहते हुए झारखंडवासी सुखी नहीं रह सकते। झारखंड में आज घोर अंधकार है। कुशासन का अंधकार है। भ्रष्टाचार का अंधकार है। झारखंड में विकास ठप पड़ा हुआ है। कानून और व्यवस्था पर अंधकार छाया हुआ है। 7400 से ज्यादा बलात्कार की घटनाएं हुई है। 8000 से ज्यादा हत्याएं हो चुकी हैं। अपहरण, डकैती, लूट अंधेरा बनकर छाया हुआ है। झारखंड की मां, बहन और बेटी अंधकार में है। झारखंड में रोटी और माटी संकट और अंधेरे में है। झारखंड को अगर बचाना है, तो दीपावली के बाद जो चुनाव होने वाले हैं, उसमें जनता भाजपा और एनडीए की सरकार लेकर आये। तभी विकास का प्रकाश फैलेगा। झारखंड में विकास का सूर्योदय होगा।

**प्रधानमंत्री और गृह मंत्री आयेंगे झारखंडः** चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार नवंबर को झारखंड आ रहे हैं। वे चाइबासा और गढ़वा में सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले दो नवंबर को गृह मंत्री अमित शाह आयेंगे। वे तीन नवंबर को तीन सभाएं करेंगे। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री, प्रदेश के प्रमुख नेता झारखंड में चुनावी अभियान का शंखनाद करेंगे। झारखंड के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली में केंद्र सरकार और झारखंड में एनडीए की सरकार चाहिए।



**झारखंड की रोटी, बेटी और माटी हम बचायेंगे**

केंद्रीय मंत्री ने कहा के प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन में जो पैसा भेजा, उसका कहीं काम पूरा नहीं हुआ। पैसा भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गया। पीएम जनमन आवास भी भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गया। मनरेगा में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। जो काम किया भी गया, वह जनता तक पहुंचा नहीं और जमीन पर उतरा नहीं। इसलिए झारखंड में एनडीए की सरकार की जरूरत है। भाजपा का संकल्प है विकास। यह 2014 से 2019 के भाजपा के मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में दिखा। उनके कार्यकाल जो विकास हुआ, इस बारे में लोग चर्चा करते हैं। आगे भी भाजपा के यही प्रण हैं। झारखंड की रोटी, बेटी, माटी हम बचायेंगे। विदेशी घुसपैठियों को रोकेंगे। भारत में रहने वाला हर नागरिक हमारा भाई है। चाहे वह किसी जाति धर्म का हो, लेकिन विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकाला जायेगा। झारखंड के नौजवानों को रोजगार मिले, इस बाबत पहली कैबिनेट में ही 2.87 लाख खाली पदों को भरने का फैसला होगा। कब परीक्षा होगी, कब रिजल्ट निकलेगा और कब नियुक्ति पत्र वितरण होगा, इसका कैलेंडर बनाया जायेगा। उन्होंने भाजपा के पांच प्रण को गिनाया। साथ ही कहा कि भाजपा अपना विस्तृत घोषणा पत्र जारी करेगी, जिसमें सारे दृष्टिकोण स्पष्ट होंगे।

## भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट में गोगो दीदी योजना की राशि डलवा कर गुवाहटी लौटूंगाः हिमंता

**चुनाव सह प्रभारी ने बहरागोड़ा, चाइबासा और बरकट्ठा में लिया संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि 13 नवंबर को इवीएम में कमल फूल का बटन दबाकर झाखंड में भाजपा को भारी बहुमत से जिताइये। भाजपा की सरकार बनेगी और पहली कैबिनेट में गोगो दीदी योजना की 2100 रुपये की राशि खाता में डलवा कर ही वापस गुवहाटी जाऊंगा। हिमंता बुधवार को बहरगोड़ा में आयोजित महिला सम्मेलन में बोल रहे थे। इसके अलावा उन्होंने चाइबासा और बरकट्ठा में भी चुनावी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।



**सीजीएल परीक्षा को रद्द कर फिर से होगी परीक्षा**

असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर सीजीएल परीक्षा को रद्द करके साफ-सुथरे ढंग से दुबारा परीक्षा करवायेगी। घुसपैठ की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव बाद भाजपा की सरकार बनेगी और लात मारकर बांग्लादेशी मुसलमानों को खदेड़ देगी। उन्होंने कांग्रेस नेता इरफान अंसारी का मुद्दा भी उठाया। हिमंता ने कहा कि इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के बारे में अपशब्द बोला। फिर भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुप हैं, क्योंकि कार्रवाई करने से मुस्लमान उनसे नाराज हो जायेंगे।

झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी ने कहा कि हमारी सरकार पांच साल में झारखंड के तीन लाख युवक-युवातियों को नौकरी देगी। पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर और साल में दो फ्री सिलेंडर देगी। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी दिनेशानंद गोस्वामी की चर्चा करते हुए कहा कि गोस्वामी बिना किसी संवैधानिक पद पर रहकर गरीब बेटियों की शादी धूमधाम से करवाते हैं, तो जरा सोचिये, विधायक बनने के बाद जनता की कितनी ज्यादा सेवा करेंगे। उन्हें अधिक से अधिक वोट से जीत दिलायें।


**हेमंत सरकार पर कसा तंजः** हिमंता ने हेमंत सरकार पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार 'एक दूजे के लिए' फिल्म की शूटिंग करने में व्यस्त है। हेमंत कहते हैं कि कल्पना बहुत अच्छी हैं और कल्पना कहती हैं कि हेमंत सोरेन बहुत अच्छे हैं। हिमंता ने मंईयां सम्मान योजना पर कहा कि वृद्धा एवं विधवा पेंशन को रोक कर 18-49 वर्ष की महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये डालकर राज्य सरकार ने मां-बेटी और सास-बहु के बीच झगड़ा शुरू करवा दिया है।

## 28 लाख दीयों से जगमगायी अयोध्या, नया रिकॉर्ड बना

**योगी ने राम रथ खींचा, भगवान का राजतिलक किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या दिवाली से एक दिन पहले दीयों से जगमग हो गयी। सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख दीये जलाये गये। इसके साथ ही नया रिकॉर्ड बन गया। पिछले साल 22 लाख दीये जलाये गये थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर में पहला दीप जलाकर दीपोत्सव का शुभारंभ किया। 1600 अर्चकों ने सरयू आरती की। इससे पहले भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान से पहुंचे। योगी ने उनका स्वागत किया। भगवान रथ पर सवार हुए। योगी ने राम रथ खींचा। प्रभु राम को रामकथा पार्क लाया गया। यहां योगी ने राम की आरती उतारी और राज तिलक किया। भगवान राम के स्वागत में जगह-जगह कलाकार नृत्य करते नजर आये। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव है।



**मानवता का बैरियर बनने वाले की दुर्गति तयः योगी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये दीप जो आपके द्वारा जलाये जायेंगे, वो केवल दीप नहीं हैं, ये सनातन धर्म का विश्वास है। अयोध्यावासियों को आगे आना होगा। अयोध्या जैसी मथुरा-काशी दिखनी चाहिए। सनातन धर्म ने कभी किसी का अहित नहीं किया, सबको गले से लगाया। जो भी मानवता के मार्ग में बैरियर बनेगा, उसकी वही दुर्गति होनी है, जो उत्तर प्रदेश के माफियाओं की हुई।

## ब्रिटेन से 102 टन सोना वापस ले आया रिजर्व बैंक

**नयी दिल्ली।** धनतेरस पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने बताया कि उसने लंदन में बैंक ऑफ इंग्लैंड के वॉल्ट से 102 टन सोना देश के भीतर सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है। विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन पर नयी रिपोर्ट से पता चला है कि सितंबर के अंत में आरबीआइ के पास मौजूद 855 टन सोने में से 510.5 टन देश में सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। गौरतलब है कि सितंबर 2022 के बाद से 214 टन सोना देश में लाया जा चुका है। सरकार दुनिया भर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोने को सुरक्षित रखना चाहती है। सरकार में कई लोग मानते हैं कि घर में सोना रखना ज्यादा सेफ है। इससे पहले 31 मई को एक रिपोर्ट में कहा गया था कि यूके से 100 टन सोना भारत लाया गया है। 1990 के दशक की शुरुआत में भारत की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गयी थी और उसे सोना गिरवी रखना पड़ा था।



## मुन्ना सिंह ने किया दारू प्रखंड का दौरा, ग्रामीणों से मिलकर मांगा समर्थन



**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने बुधवार को दारू प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ उन्होंने जिनगा, महेशरा, कोय, जोहनिया, कवालू, रामदेव खरिका ,तिलैया, हरली, पेटो, बासोबार, भटबीघा, बक्सीडीह, ईरगा, जबरा, दारूडीह, सुल्तानी, बड़वार और पिपचो का दौरा किया और स्थानीय निवासियों से चुनाव मे उनसे समर्थन की अपील कि। जनसंपर्क अभियान के दौरान मुन्ना सिंह ने जिनगा गांव में स्थानीय निवासियों के साथ मोटरसाइकिल में सवार समर्थक के साथ गांव का दौरा किया एवं उनसे बातचीत की। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कैलाश पति देव, प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद , सदर प्रखंड पूर्व प्रमुख बृजेश भूषण सिंह, ऋषि सिंह, सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा को मिला छड़ी छाप, मांगा जनता का आशीर्वाद



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर से निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा को छड़ी छाप मिला है। उनका क्रमांक संख्या 23 है। हर्ष अजमेरा ने कहा कि वर्तमान राजनीति में जब जनता अपनी जरुरी समस्याओं के समाधान की अपेक्षा रखती है, तब एक ऐसा मजबूत नेतृत्व होना चाहिए जो सिर्फ वादों तक सीमित न रहे, बल्कि उसे धरातल पर उतारने का भी साहस रखता हो। समाज को इस बार एक अलग दिशा में ले जाने के लिए एक निर्दलीय विकल्प की जरूरत है, जो बिना किसी राजनीतिक दबाव के जनता के हित में काम कर सके। हर्ष अजमेरा ने अपनी प्राथमिकताओं में विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं और गरीब वर्ग के उत्थान पर जोर दिया है। मैंने इस सफर की शुरूआत यह सोचकर की थी कि जनता को एक विकल्प चाहिए, जो उनके अधिकारों की रक्षा कर सके और उनकी समस्याओं को सुलझा सके। इस चुनाव में आपका समर्थन मुझे और मजबूत बनायेगा।

## जुआ खेलते एक युवक गिरफ्तार, आठ मोटरसइकिल जब्त



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि डोमचांच थानान्तर्गत जुआ खेला जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पुलिस डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार को दी और आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया जिसके बाद पुलिस ने एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम मसनोडीह स्थित मसनोडीह टांड में छापामारी की गई, इस दौरान 8 मोटरसइकिल, 1 मोबाईल, 8420रू नगद एवं 75 पीस तास की पत्ती को बरामद करते हुए एक अभियुक्त प्रदीप महतो, उम्र 44 वर्ष, पिता इंद्रनारायण महतो, सा मसोनडीह, थाना डोमचांच को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में डोमचांच थाना में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों में दिखी प्रतिभा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी। आदर्श शिशु उच्च विद्यालय बाघमारा के छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रो. दशरथ प्रसाद राणा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने रंगोली प्रतियोगिता को संपन्न किया। विद्यालय निदेशक रामदेव प्रसाद यादव, विद्यालय के प्राचार्य प्रो दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा एक ज्वाले की तरह होती है जिसे छुपाया तो जा सकता है परंतु बुझाया नहीं जा सकता। पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिए सभी विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर वरीय शिक्षक लक्ष्मण चंद्र यादव, महेश्वर पांडेय, प्रकाश यादव, श्याम सुंदर यादव, महेश यादव, सिकंदर यादव, शंकर दास, विनोद यादव, माया कुमारी सहित विद्यार्थियों को निर्देशित किया।

## दिवाली पर रंगोली बनाकर बच्चों ने उकेरी आकर्षक कलाकृतियां



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सीबीएसई नई दिल्ली से +2 तक मान्यता प्राप्त आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ में दीपावली त्यौहार के शुभ अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक रंगोली बनाये जो मनमोहक नजर आये। दीपावली की पूर्व संध्या अयोजित रंगोली कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य पुनीत यादव ने कहा कि यह दिवाली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है जिस तरह दीपक जल कर अंधकार को मिटाकर रोशनी को भर देता है। उन्होंने सभी से शान्ति और सौहार्दपूर्ण दीपावली मनाने की अपील की। रंगोली कार्यक्रम में बतौर जज की भूमिका में विद्यालय के उप प्राचार्य अर्जुन चंद्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, महेन्द्र कुमार पांडेय थे। सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पल्लवी सिंह ग्रुप वर्ग दशम "अ" द्वितीय स्थान में मिशु कुमारी ग्रुप दशम "अ" और तृतीय स्थान में कृष सिंह ग्रुप वर्ग दशम "बी" रहे। वहीं जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान में नेहा कुमारी ग्रुप वर्ग "पंचम" द्वितीय स्थान में तनु प्रिया ग्रुप वर्ग सप्तम और तृतीय स्थान में अर्पिता कुमारी ग्रुप वर्ग षष्ठ रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव और विद्यालय की सचिव लक्ष्मी देवी ने पुरस्कृत किया।

# सदर विधानसभा में 23 प्रत्याशी सभी को आवंटित हुआ चुनाव चिह्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से स्क्रुटनी और नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत बचे 23 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। स्क्रुटनी की प्रक्रिया के उपरांत एक अभ्यर्थी किशोरी राणा का नाम स्क्रीटनी में छठ गया। उसके बाद 24 अभ्यर्थी मैदान में बचे थे। नाम वापसी के दिन एक निर्दलीय साजिद अली खान के द्वारा अपना नाम वापस ले लिया गया। इस प्रकार कुल 23 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में बचे हैं। जिन्हें बुधवार को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। क्रमांक एक में बसपा के अभिषेक कुमार को हांथी, दो में भाजपा के प्रदीप प्रसाद को कमल फूल, तीन में कांग्रेस के मुन्ना सिंह को पंजा, चार में जेएलकेएम के उदय कुमार को कैंची, पांच में लोकहित अधिकार पार्टी के निर्मल साव को सेव, छः में पीपीआई के निशांत सिंहा को फलों से भरी टोकरी, सात में एनसीपी के प्रदीप कुमार पांडे को घड़ी, आठ में समता पार्टी के फहीमउद्दीन अहमद को बैटरी टॉर्च, नौ में भारतीय राष्ट्रीय फॉरवर्ड ब्लॉक के रामेश्वर राम कुशवाहा को ट्रक, दस में आजाद समाज पार्टी के संजय कुमार को केतली, ग्यारह में राष्ट्रीय समानता दल के सतीश कुमार को बल्ला, बारह में भारतीय सर्वजन विकास पार्टी के सुरेश ठाकुर को हेलमेट, तेरह में निर्दलीय अरविंद कुमार ओझा को कूड़ेदान, चौदह में निर्दलीय टेकोचंद महतो को डीजल पंप, पंद्रह में प्रशांत कुमार वर्मा को आदमी और पॉल युक्त नौका, सोलह में भैया बांके बिहारी को एयर कंडीशनर, सत्रह मुकेश कुमार कसेरा को बासुरी, अठारह में मोहमद मोइनुद्दीन अहमद को कैमरा, उन्नीस राजकुमार सिंह को ब्लैक बोर्ड, बीस के बिक्रम राणा को बल्लेबाज, इक्कीस में सच्चिदानंद पांडे को टेलीविजन, बाईस में सिंटू राम को गुब्बारा और ताइस में निर्दलीय हर्ष अजमेरा को छड़ी छाप मिला है।

# जिला प्रशासन ने केंद्रीय कारा में किया औचक निरीक्षण, कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** जिला प्रशासन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा चुनाव 2024 संपन्न कराने को लेकर प्रतिबद्ध है और व्यापक स्तर पर सघन जांच अभियान चलाकर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले हर बिंदुओं पर कड़ाई से निगरानी कर रही है। इसी क्रम में बुधवार तड़के 5.30 बजे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के नेतृत्व में जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह भी साथ रहे। इस निरीक्षण की कारवाई में 8 दंडाधिकारियों की टीम गठित की गयी थी। मौके पर कारागार के विभिन्न कैदी वार्ड में जांच अभियान चलाया गया। उपायुक्त ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीयकारा में सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। आज जेल के सभी वार्डों की गहनता से जांच पड़ताल किया गया तथा बारीकी से सभी वार्ड एवं बंदियों की तलाशी की गयी। वहीं उन्होंने कहा कि यह रूटीन जांच है। जेल के अंदर रहकर भी कुछ लोगों द्वारा गलत तरीके से चुनाव को प्रभावित करने की संभावना पर सर्च अभियान चलाया गया। आने वाले समय में भी औचक निरीक्षण की जांच जारी रहेगी। मौके पर सदर एसडीएम अशोक कुमार, सदर बीडीओ नीतू सिंह, सदर सीओ मयंक भूषण, बड़कागांव बीडीओ जितेंद्र कुमार और पुलिस बल मौजूद रहे।

# कोडरमा में 13 प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया गया है। निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने बताया कि चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत प्रथम चरण के तहत मतदान प्रक्रिया के लिए 18 अक्टूबर 2024 को नोटिफिकेशन जारी हुआ, 25 अक्टूबर 2024 तक नामांकन की प्रक्रिया चलाया गया। नामांकन की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर और नामांकन वापस लेने के लिए अभ्यर्थी के पास 30 अक्टूबर तक का समय निर्धारित था। 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान 13 नवंबर 2024 होंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगा।

निवार्ची पदाधिकारी ने 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन करने वाले प्रत्याशी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के लिए 19 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिसमें से तीन प्रत्याशियों लक्ष्मण यादव, प्रेमचंद नायक निर्दलीय और मनोज कुमार झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मंच का नामांकन रद्द कर दिया गया। वहीं प्रत्याशी ईश्वरी राणा, महेंद्र प्रसाद और गोपाल यादव ने अपना नामांकन वापस ले लिया। अब कोडरमा से डॉ नीरा यादव - भाजपा, प्रकाश अंबेडकर- बहुजन समाज पार्टी, सुभाष प्रसाद यादव- राष्ट्रीय जनता दल, गालिब मंसूरी- आपकी विकास पार्टी के अलावा कामेश्वर महतो, महेंद्र प्रसाद यादव, योगेंद्र कुमार पंडित, राजेश राज, रीतलाल प्रसाद सिंह, रौनक कुमार यादव, विरेंद्र प्रसाद वर्मा, शालिनी गुप्ता, सुनील कुमार सिन्हा निर्दलीय प्रत्याशी हैं।

## बटेश्वर मेहता को मिला टेंपो छाप



**इचाक (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे बटेश्वर प्रसाद मेहता को ऑटो रिक्शा ( टेंपो) छाप मिला है। इनका क्रमांक एवीएम के 14 नंबर पर है । ऑटो रिक्शा ( टेंपो) छाप मिलने के बाद बटेश्वर मेहता के समर्थकों में काफी उत्साह देखा गया। बटेश्वर मेहता ने कहा कि यह चुनाव मैं नहीं बल्कि बरकट्ठा की जनता लड़ रही है । इस बार परिवर्तन होगा और चाचा भतीजा का जो विधानसभा पर राज चल रहा है उसका अंत होगा।

# दिवाली और छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतगावां।** थाना परिसर में बुधवार को दीपावली एवं छठ महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने की। थाना प्रभारी श्री गुप्ता ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के नियमों को पालन करते हुए दीपावली और छठ पूजा मनायी जायेगी। दीपावली और छठ पूजा शांति, समृद्धि और सदभाव का त्योहार है।

इसे सभी लोग हर्षोल्लास के साथ मनायें। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान डीजे पर पूर्ण रूपेण प्रतिबंध रहेगा। पूजा के दौरान असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। छठ पूजा की दौरान ग्रामीणों ने टेहरो, मीरगंज, शिवपुर, मरचोई छठ घाट पर पुलिस प्रशासन और पेट्रोलिंग की व्यवस्था की मांग की। मौके पर मुखिया मंटू चौधरी, पूर्व मुखिया सुनील सिंह, नारायण राय, समाजसेवी रामावतार चौधरी, महेंद्र यादव, मोहम्मद इरशाद, विनोद यादव, अश्विनी कुमार उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय पुस्तक मेला का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता






**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा झुमरी तिलैया स्थित ब्लॉक मैदान पर निर्वाचन थीम पर पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का तीन दिवसीय मेला का समापन हुआ। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, व्यय प्रेक्षक सुरेंद्र कुमार मीना, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर शामिल हुए। पुस्तक सह निर्वाचन उत्सव के आखिरी दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा निर्वाचन थीम और लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व और देशभक्ति गाने पर नाटक, नृत्य और गायन प्रस्तुत किया। 13 नवंबर 2024 को वोट करेगा कोडरमा का संदेश दिया और सभी ने एक सुर पर कहा 13 नवंबर 2024 को वोट कर हम अपना फर्ज निभायेंगे।

पुस्तक सह निर्वाचन उत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। उत्सव में ज्ञान कुंभ पुस्तक का विमोचन किया गया। बुक डोनेशन स्टॉल पर कई लोगों ने किताब दान दिया।

## कोडरमा डीएवी में छठ महापर्व मनाया गया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में छठ महापर्व अत्यंत धूम-धाम से मनायी गयी। इस अवसर पर सभी बच्चों ने छठ महापर्व की छटा बिखेर दी। लाल-पीले ,रंगीन परिधान पहने, हाथ में सूप लिए विद्यालय के बच्चों ने सूर्य उपासना करते हुए वातावरण को अत्यंत भक्तिमय कर दिया। सूप पर रखे फल, दीपक, पान, सुपारी सब अपने-अपने महत्व को दर्शा रहे थे। उगते सूर्य को अर्घ्य देते हुए सभी बच्चे छठ महापर्व के महत्व को समझा रहे थे। इस महापर्व में मयंक वर्णवाल, सक्षम, कुमुद सिंह, प्रकृति, रुचिका, साक्षी, सिंह, आराध्या, छोटी, नीलाक्षी अंजलि, साक्षी और विद्यालय के अन्य कई बच्चों ने भाग लिया। बच्चों की इस भक्ति-भावना को देखकर विद्यालय के प्राचार्य अत्यंत प्रसन्न दिखायी दिए उन्होंने कहा छठ बिहार-झारखंड के आस्था का महापर्व है। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों की प्रशंसा की और जीवन में आशा और उत्साह से भरे रहने का सुझाव दिया।

## पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नवादा स्थित पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में दीपावली की पूर्व संध्या पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक के छात्र और छात्राओं ने मनमोहक रंगोलियों के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। घरेलू और प्राकृतिक संसाधनों का अद्भुत उपयोग कर रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने आकर्षक रंगोलियां बनायी। इनमें नौसीखिया फुल तथा अन्य सांस्कृतिक प्रतीकों ने विशेष आकर्षण बिखेरा। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने परंपरा और सांस्कृतिक चेतना को जीवंत किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। मौके पर विकास कु.पांडेय, निशांत, शबीना, सोनू, ममता, मधु, प्रकाश उपस्थित रहे।

## मानव सेवा समिति के ऑफिस का हुआ उद्घाटन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरली विश्वकर्मा मंदिर के पास मानव सेवा समिति का कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार दांगी सहित सभी सदस्यों ने फीता काटकर किया। मौके पर मानव सेवा समिति के अध्यक्ष उमेश दांगी ने कहा कि यह समिति का निर्माण मानव कल्याण के लिए खोला गया है। मौके पर मुख्य रूप से समिति के सचिव प्रेम कुमार भारती, कोषाध्यक्ष संजय कुमार दांगी, सुनील कुमार राणा, अनुज कुमार, अमर महतो, शक्ति कुमार, धनेश्वर महतो ,सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी अमित यादव ने चलाया टाटीझरिया में जनसंपर्क अभियान



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में भाजपा प्रत्यासी सह बरकट्ठा विधायक अमित यादव का खैरा झरपों और भराजो पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया विधायक अमित यादव का खैरा बेडमक्का नारायणपुर , झरपो ,भराजो ,अमनारी सहित अन्य गांवों में कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया श्री यादव ने कहा कि हर समय में जनता के बीच में रहा जहां तक विकास का कार्य हो सके पूरा किया फिर से आपके बीच आपका बेटा आपके साथ हमेशा साथ है हर सुख दुख में आपके क्षेत्र हमेशा से रहे है और रहेंगे चुनाव जीतना हारना लगा रहता है झारखंड सरकार में बहुत ही काम नहीं हो पाया काम बहुत ही रुक गया है नहीं हो पाया है जो अधूरा कार्य है उसे जरूर पूरा करेंगे एक मौका दे उन्होंने जनसंपर्क अभियान में कहा इस अवसर पर दारू ,इचाक ओर टाटीझरिया प्रखंड से सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## माउंट जिरामो पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** धरगुल्ली के पिपरा-टांड स्थित माउंट जिरामो वनस्थली विद्यापीठ विद्यालय में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने रंग बिरंगी रंगोली बनाकर प्रस्तुत किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक रेवलाल साव और सुभाष कुमार गुप्ता और विद्यालय के प्रधानाध्यापक विकास कुमार यादव के द्वारा बच्चो को यह बताया गया कि पढ़ाई के साथ-साथ रंगोली प्रतियोगिता का होना भी कही न कही बच्चो में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक होती है। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा चार एंव सात के बच्चे प्रथम श्रेणी इस रंगोली कार्यक्रम को सफल द्वितीय कक्षा पांच एंव सात तृतीय कक्षा छः के छात्र सफल रहे।

## मजदूर का बेटा हूं, सबका का दर्द समझता हूं: तिवारी महतो



**विष्णुगढ (आजाद सिपाही)।** मजदूर का बेटा हु मजदूरों का दर्द समझता हूं। उपरोक्त बाते मांडू विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी आजसू नेता तिवारी महतो ने विष्णुगढ़ में एनडीए की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि मांडू में 40 वर्षो के लंबे कार्यकाल में आज भी जनता बेहाल है प्रवासी मजदूरों के शव तक समय पर नही आ पाते। मैं जब पतरातू में पावर प्लांट लग सकता है,तो कोनार डैम में क्यों नही। वैठक की अध्यक्षता आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल और संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल ने किया। मौके पर रंजीत गुप्ता,महादेव देहाती, मधुसूदन प्रसाद, डोमन प्रसाद गुप्ता, संतोष कुमार महतो, सुधीर कुमार आदि उपस्थित थे।

# बड़कागांव के चुनाव मैदान में 26 उम्मीदवार, सभी को आवंटित किया गया चुनाव चिह्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** बड़कागांव विधानसभा सीट से दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। नाम वापस लेने वालों में महेश प्रसाद साहू और जेबीकेएसएस के संजय कुमार मेहता शामिल है। बुधवार की शाम डीसी चंदन कुमार ने नाम वापसी की तिथि खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने बताया कि बड़कागांव विधानसभा में अब कुल 26 उम्मीदवार रह गए हैं, जो अपनी किस्मत आजमायेंगे। 386000 मतदाता उनके भाग्य का फैसला करेंगे। डीसी ने कहा कि 456 बूथ पर 13 नवंबर को बड़कागांव विधानसभा सीट के लिए मतदान होगा। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता और बड़कागांव विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर दीप्ति कुजूर मौजूद थी। **रामगढ़ विधानसभा में 18 उम्मीदवारों के दस्तावेज सही :** रामगढ़ विधानसभा में 18 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन किया था। बुधवार को उनके दस्तावेजों की जांच की गयी। स्क्रुटनी के बाद सभी उम्मीदवारों के दस्तावेज सही पाये गये हैं। एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि नाम वापसी 11 नवंबर तक है।




## इलेक्शन आब्जर्वर ने पतरातू क्षेत्र के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

पतरातु। पतरातु क्षेत्र के कई बूथों का निरीक्षण इलेक्शन आब्जर्वर (सामान्य) भी श्रवण कुमार ने किया। इस मौके पर पतरातू स्थित कन्या मध्य विद्यालय में स्थापित दोनों मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके तहत सबसे पहले केंद्र में उपलब्ध कराए गये बुनियादी सुविधाओं यथा बिजली, पानी, शौचालय, रैंप आदि का निरीक्षण किया। इसके बाद मतदान केंद्रों पर लगाये जाने वाले सुरक्षा से संबंधित मानदंडों की भी आकलन किया गया। इस मौके पर सीओ मनोज चौरसिया, बीडीओ मनोज गुप्ता, पतरातु थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे।

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने स्कूली छात्रा को रौंदा, मौत

### घटना गोला रजरप्पा पथ पिपराजारा की, घर से स्कूल जा रही थी छात्रा





आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला रजरप्पा पथ पिपराजारा के समीप अवैध बालू लदा ट्रेक्टर ने स्कूली छात्रा को रोंद दिया। इससे मौके पर है छात्रा की मौत हो गयी। मृतका कि पहचान महुआ टांड थाना क्षेत्र के घघरी गांव निवासी स्व बाबूलाल मांझी की पुत्री प्रिया कुमारी 16वर्ष के रूप में की गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रिया प्रत्येक दिन की तरह अपने घर घघरी से साइकिल में सवार होकर उत्क्रमित उच्च विद्यालय बंदा पढ़ने आ रही थी। इसी दौरान पिपराजारा के समीप तेज गति से गोला कि ओर आ रहे एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर ने उसे रोंद दिया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। छात्रा दसवीं क्लास कि छात्रा थी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त ट्रेक्टर को अपने कब्जे में कर लिया है। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतका के परिजन थाना में दहाड़े मार कर रो रहे थे। इधर घटना के बाद उत्क्रमित उच्च विद्यालय बंदा के सभी कक्षाएं स्थगित कर दी गयी। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर चालक डुमरडीहा का नाबालिक था। दुर्घटना के बाद वह फरार है।

**एक माह अंदर के अवैध बालू लदे ट्रैक्टर से पांच मौत**

गोला रजरप्पा पथ में पिछले एक माह के अंदर पांच लोगों कि जान चली गयी है। 2 अक्टूबर को पुरूलिया जिला के डुड़गु गांव निवासी अबोध कुमार व उसकी पत्नी सोनमणि कुमार कि मौत अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से हो गयी थी। दोनों पति-पत्नी प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां छिन्नमस्ताका मंदिर से पूजा अर्चना कर घर लौट रहे थे। इसके बाद भूभई गांव निवासी अजित हेमब्रम ओर सागर हेमब्रम कि मौत पीसीआर वैन कि चपेट में आने से हो गयी थी। दोनों की मौत के बाद आक्रोषित ग्रामीणों ने रामगढ बोकारो मार्ग को जाम कर दिया था। साथ हि थाना का घेराव किया था। बाद में पुलिस ने जाम हटाने के लिए लाठीचार्ज ओर हवाई फायरिंग भी किया। इसके बाद फिर एक स्कूली छात्र की जान चली गयी। बताया गया कि गोला क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बालू का अवैध कारोबार किया जा रहा है। दामोदर नदी किनारे से रोक के बाद भी बेधड़क बालू का उठाव जारी है। सूत्रों ने बताया कि माह में एक बार एंट्री दिया जाता है। इसके बाद बेरोक -टोक बालू का डोला ढूलाई किया जाता है । बिना एंट्री के ट्रैक्टरों को दिखावा के लिए पकड़ा जाता है। लगभग सभी ट्रैक्टरों में नाबालिक ही सरपर ट्रैक्टर दौड़ते नजर आयेंगे। लेकिन इसे देखने वाला कोई नहीं है।

# चाय चौपाल में बनायी गयी आजसू की चुनावी रणनीति



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** डाकबांग्ला में बुधवार को विधानसभा चुनाव को लेकर आजसू पार्टी ने चाय चौपाल लगाकर चुनावी चर्चा की। यहां बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने उपस्थिति लोगों से कहा कि रामगढ कि पहचान आजसू पार्टी से हुई है। विकाश कि लंबी लकीर जो खींची गयी है, उसकी चर्चा पूरे राज्य में है। पार्टी के नीति सिद्धांतों से अवगत कराते हुए कहा कि पिछले दो दशक से भी अधिक समय तक पार्टी ने सक्रिय राजनीति किया है। लोगों के हर सुख दुख में शामिल हुआ। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के तीन साल के कार्यकाल को भी याद कराया। कहा कि तीन सालो में रामगढ तीस साल पीछे चल गया। जनता ठगा हुआ महसूस कर उप चुनाव में आजसू पर पुनः विश्वास किया। मौके पर समाजसेवी चंद्रशेखर महतो, पूर्व जिप सदस्य गोबिंद मुंडा, कपिल मुंडा, राजेश महतो उर्फ फंटूश, राजू महतो, जयप्रकाश महतो, बिसु रजवार, असगर अली, राजेंद्र महतो, उमेश बर्मन, योगेंद्र नायक, भिखु चिंगारी आदि थे।

# केंद्रीय भंडार ने निकाला सतर्कता जागरूकता रथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकाकान।** सीसीएल केंद्रीय भंडार द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक केंद्रीय भंडार संजय सिंह उपस्थित रहे। समारोह का संचालन केंद्रीय भंडार के उप प्रबंधक निखिल कुमार और आर्य बाल उच्च विद्यालय के शिक्षक सुभाष चक्रवर्ती ने संयुक्त रूप से किया। समारोह के दौरान उपस्थित महिला कर्मचारियों ने रंगोली प्रतियोगिता में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता परिणाम में शारदा देवी प्रथम, अंजू देवी द्वितीय एवं साबिया खानम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समारोह के दौरान केंद्रीय भंडार के कर्मचारी एवं आर्य बाल उच्च विद्यालय के छात्रों ने जागरूकता रथ निकाली। मुख्य अतिथि संजय सिंह ने हरी झंड़ी दिखाकर रथ को रवाना किया।



# तीन अपराधकर्मी जिला बदर, दो अन्य को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजिरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी चंदन कुमार के न्यायालय में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत वैसे अपराधियों जो कि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी, कर्मियों को लेवी के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में आदेश जारी किए गये हैं। उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा

**दो अपराधियों को पतरातू थाना में लगाना होगा 3 महीने तक हजारी** : हेसला थाना पतरातू निवासी अपराध कर्मी सुनील राम उर्फ सुनील मोची पिता रामलाल राम, बिरसा मार्केट हेसला निवासी अपराधकर्मी दीपक करमाली उर्फ उर्फ नेपाली पिता मनपुरन करमाली को आगामी 3 महीने के लिए प्रतिदिन 10 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजरी लगाने का आदेश दिया गया है।

**तीन कुख्यात अपराधी को किया जिला बदर :** डीसी सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा विधि व्यवस्था लोक शांति बनाये रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जयनगर पतरातू निवासी कुख्यात अपराधी दीपक धोबी उर्फ दीपक रजक पिता कैलाश रजक, कुख्यात अपराधकर्मी पवन ठाकुर पिता प्रभु ठाकुर, बुध बाजार पतरातू निवासी कुख्यात अपराधकर्मी संजीत डोम उर्फ सुजीत राम पिता स्व अर्जुन डोम के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। इस सभी को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। अभियुक्त को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले 3 माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूवार्नुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

## भदानीनगर ओपी प्रभारी ने कराटेकार खुशी कुमारी को किया सम्मानित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया-झारखंड भुरकुंडा शाखा के प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास से महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा के आठवीं कक्षा की छात्रा खुशी कुमारी ने कराटे में ब्राउन बेल्ट प्राप्त की है। खुशी की सफलता पर बुधवार को भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने छात्रा को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने कहा कि लड़कियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद और मार्शट आर्ट का भी टेजनिंग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास के साथ आत्मरक्षा का भी बेहतर साधन है। इस दौरान सेसाई कंचन दास ने बताया कि न्यू बैरक भुरकुंडा निवासी रमेश राम एवं दुलाली देवी की पुत्री खुशी कुमारी गरीब परिवार से आती है।

## संस्कार पब्लिक स्कूल में मनाया गया दीपोत्सव



**कुजू (आजाद सिपाही)।** संस्कार पब्लिक स्कूल, बोंगावार मोड में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मैनेजमेंट हेड डॉ अशोक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर की। आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने दीपावली के मौके पर अद्भुत आकर्षक रंगोली बनाया। साथ ही, बच्चों ने मनमोहक जीवंत झांकी व नृत्य की प्रस्तुति किया। साथ ही, पेंटिंग रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि पर पर्व हमें अपनी संस्कृति एवं धार्मिक जानकारी सीखने का मौका देती है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में अपने धर्म के प्रति विशेष जानकारिया मिलती है। वही, ऑगेनाईजिंग हेड अयोध्या वर्मा ने इसे संस्कारों को आगे बढ़ने वाला सौगात बताया। प्राचार्य अंजली ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए इन्हें आदर्श बनाने की बात बताई।

## रामगढ़ किसान मजदूर फाउंडेशन ने सीइओ को लिखा पत्र, नहीं मिली अनुमति, तो हिंदू धर्म त्यागने की धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**किसान अपने नये फसलों की उपज को लेकर माता लक्ष्मी एवं दीपक उत्सव मनाते आ रहे हैं।**

**रामगढ़।** रामगढ़ किसान मजदूर फाउंडेशन के सदस्य, किसान, मजदूरों ने छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी को एक पत्र के माध्यम से दीपावली के अवसर पर पुराना डेली मार्केट को 30 से 1 अक्टूबर तक तीन दिनों के लिए 24 घंटा खोल दिया जाए से संबंधित पत्र लिखा, जिससे किसान, मजदूर दीपोत्सव मना सके। पत्र में कहा गया है की पुराना डेली मार्केट में लगभग 70 वर्षों से लगातार दीपोत्सव एवं लक्ष्मी पूजा मनाते आ रहे हैं मगर वर्तमान में ऐसा लग रहा है कि यह परंपरा टूट जायेगा। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि मुख्य अधिशासी के अधिकारी द्वारा पूछने पर बताया गया कि सरकारी जमीन पर दीपोत्सव लक्ष्मी पूजा नहीं मना सकते। अब ऐसा लग रहा है की झारखंड में हिंदू होना एक गुनाह हो गया है क्योंकि यहां पर अपना त्यौहार भी मनाने की आजादी नहीं है। किसान अपने नए फसलों की उपज को लेकर माता लक्ष्मी एवं दीपक उत्सव मनाते आ रहे हैं। हम रामगढ़ किसान मजदूर फाउंडेशन के सदस्य पूछना चाहते हैं कि छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी से क्या यह अपने कार्यालय में दीपोत्सव नहीं मनाएंगे और अगर वह मानते हैं तो क्या उनका अधिकार है कि किसी सरकारी भवन में दीपोत्सव और कार्यालय को सजाने का कार्य करना।

**सामूहिक रूप से हम लोग हिंदू धर्म का त्याग कर देंगे**

रामगढ़ किसान मजदूर फाउंडेशन पुरानी डेली मार्केट को नहीं खोलने का निंदा करती है। राज्य और केंद्र सरकार से मांग करते है कि हमारे अधिकारों का हनन नहीं किया जाए, हमारे त्योहारों को मनाने के लिए कोई शर्त नहीं रखी जाए और अगर हमें दीपोत्सव एवं लक्ष्मी पूजा मनाने के लिए नहीं दी जाती है तो हो सकता है कि आगामी आने वाले दिनों में सामूहिक रूप से हम लोग हिंदू धर्म का त्याग कर देंगे और इसकी सारी जवाबदेही राज्य और केंद्र सरकार के होगी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट में दीपोत्सव एवं छठ महोत्सव का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददात

**रजरप्पा।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट में दीपावली एवं छठ महोत्सव का उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष थीम आधारित प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं की झलक पेश की। प्रार्थना सभा के बाद भगवान राम और माता सीता के जीवन पर आधारित एक नाटिका का मंचन किया गया, जिसमें छात्रों ने आदर्श चरित्रों का मार्मिक चित्रण किया। नाटिका ने भगवान राम और माता सीता की महानता, साहस और धर्मनिष्ठा के महत्व को उजागर किया। इसके पश्चात छठ पूजा के पारंपरिक स्वरूप को जीवंत करते हुए विद्यार्थियों ने छठ पूजा की प्रस्तुति दी। उन्होंने इस महापर्व की विशेष रीति-रिवाजों और परंपराओं को विस्तार से प्रदर्शित किया। जिसमें सूर्य उपासना, निर्जला उपवास और घाट पर श्रद्धालुओं के आस्था से भरे अनुष्ठान शामिल थे। छठ की इस जीवंत प्रस्तुति ने दर्शकों को छठ पर्व की आध्यात्मिकता और उसके महत्व से परिचित कराया। इसके बाद छात्रों ने दीपावली और छठ पूजा के महत्व पर भाषण भी दिए, जिसमें इन त्योहारों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझाया गया। छठ पर्व के प्रति भक्ति और आस्था को और भी अधिक प्रकट करने के लिए, छात्रों ने छठ से संबंधित पारंपरिक गीत भी गाए, जो दर्शकों को छठ पर्व के आनंद में डूबोने में सक्षम रहे। साथ ही, इस अवसर पर स्वामी दयानंद सरस्वती के 140वें निर्वाण दिवस का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सत्यमकाम आर्य और रजनीश पाठक ने भजन प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित श्रोताओं में भक्ति की भावना जागृत हुई। रमेश्वर शर्मा ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन और उनके सिद्धांतों पर अपने विचार व्यक्त किए।

### प्रारूप C-2

**पार्टी द्वारा खड़े दिए गए अभ्यर्थीयों के आपराधिक पूर्वकृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

राजनीतिक दल का नाम :- **झारखण्ड मुक्ति मोर्चा**

निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा निर्वाचन 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **80, गढ़वा**

राज्य का नाम : **झारखण्ड**

मैं **मिथिलेश कुमार ठाकुर** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्वकृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (A) लंबित आपराधिक प्रकरण | | (B) दंडनीय अपराध का दोषसिद्ध प्रकारणों के सम्बध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, प्रकारण संख्या एवं प्रकारण(नों) की स्थिति | संबंधति अधिनियमों के अनुभाग और अपराध(ओं) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम और आदेशों की तिथि(या) | अपराध(ओं) का विवरण और लगाया गया दंड | अधिकतम लगाया गया दंड |
| 1 | 80, गढ़वा | मिथिलेश कुमार ठाकुर | 1. एम.पी.एम. एल.ए. स्पेशल कोर्ट, पलामू डालटनगंज जी. आर. नं0 2683/21 अंतिम रिपोर्ट पर सुनवाई<br>2. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी गढ़वा थाना काण्ड सं0 248/2024 अंतिम रिपोर्ट पर सुनवाई | 171 (H) भा.द.वि. एवं 127 (A) आर.पी. एक्ट<br>133 आर.पी. एक्ट एवं 188 भा.द.वि | X | X | X |

ह0
**मिथिलेश कुमार ठाकुर**
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
निर्वाचन विधानसभा 2024

### प्रारूप -C1

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **जिगा-सुसारण होरो, ग्राम-कालजे, पो0+ थाना लापुंग, जिला- राँची**

राजनीतिक दल का नाम :- **झारखण्ड मुक्ति मोर्चा**

निर्वाचन का नाम :- **झारखण्ड विधानसभा 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **67. सिसई (अ.ज.जा) झारखण्ड**

मैं **जिगा सुसारण होरो** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

**A) लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधी का संक्षिप्त विवरण) |
|---|---|---|---|---|
| | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

**B) दंडनीय अपराध के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम और आदेश आदेशों की तिथि | कार्यलय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी खूंटी 07/04/2018 | परिषिक्षा अधि. 1958 की धारा 4 का लाभ देकर एक वर्ष शांति बनाये रखने की परिणाम पर मुक्त किया गया | एक वर्ष शांति बनाये रखने की परिणाम पर मुक्त किया गया |

ह0
**जिगा सुसारण होरो**
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
विधानसभा 2024

# जनगणना की प्रक्रिया


आखिर देश में जनगणना की प्रक्रिया शुरू होने के आसार दिखने लगे हैं। हालांकि सरकार की ओर से आधिकारिक घोषणा इसकी अभी भी नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों के हवाले से जिस तरह की सूचनाएं मीडिया में आयी हैं और उनमें तैयारियों का जितना बारीक ब्योरा दिया गया है, उससे लगता है कि अब सरकार ने मन बना लिया है। हर दस साल के अंतर पर होने वाली जनगणना कायदे से 2021 में ही हो जानी चाहिए थी, लेकिन कोविड-19 महामारी से उपजे हालात के चलते इसे स्थगित करना पड़ा, लेकिन 2022 और 2023 के बाद अब 2024 भी बीतने को है। जनगणना में देरी से कई तरह की जटिलताएं पैदा हो रही हैं। लेटेस्ट डेटा उपलब्ध न होने की वजह से सरकारी योजनाओं के तहत फंड आदि के निर्धारण का काम भी 2011 के आंकड़ों के ही आधार पर हो रहा है, जो पुराने पड़ चुके हैं। इस बार की जनगणना को खास बनाने वाली एक बड़ी बात यह है कि इसके साथ परिसीमन संबंधी विवाद भी जुड़ गया है। देश में लोकसभा क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया 2002 में किए गए संशोधन की वजह से टली हुई थी। उसके मुताबिक 2026 के बाद होने वाली जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही नया परिसीमन हो सकता है। अगर जनगणना नियमित अंतराल में होती तो परिसीमन का काम 2031 की जनगणना से मिले आंकड़ों के आधार पर होता। अब बदले हालात में यह 2027 में हो सकता है। इसका मतलब यह हुआ कि 2029 के लोकसभा चुनाव नए परिसीमन के मुताबिक होंगे। इस स्थिति ने दक्षिण और उत्तर के राज्यों का एक अवांछित विवाद खड़ा कर दिया है। चूंकि लोकसभा क्षेत्र के निर्धारण का एक मुख्य आधार जनसंख्या रही है, इसलिए माना जा रहा है कि परिसीमन के बाद लोकसभा में उत्तर भारत के राज्यों का हिस्सा अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाएगा, जिससे राष्ट्रीय राजनीति में साउथ का दबदबा कमजोर पड़ेगा। देखना होगा कि सरकार साउथ की आशंका को मिटाने का क्या उपाय निकालती है। इस बार की जनगणना के साथ जाति की गणना का प्रश्न भी जुड़ा है। विपक्षी दलों की इस मांग को एनडीए से जुड़े कुछ दलों का भी समर्थन हासिल है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस मसले पर सरकार अपना रुख कितना और कैसे बदलती है। महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण की व्यवस्था भी इसी सेंसस के बाद लागू होनी है। साफ है कि इस जनगणना से आबादी के अलग-अलग तबकों की कई सारी उम्मीदें और आशंकाएं जुड़ी हैं, जो इसे सरकार के लिए ज्यादा चुनौतीपूर्ण बनाती हैं।

**जनगणना में देरी से कई तरह की जटिलताएं पैदा हो रही हैं। लेटेस्ट डेटा उपलब्ध न होने की वजह से सरकारी योजनाओं के तहत फंड आदि के निर्धारण का काम भी 2011 के आंकड़ों के ही आधार पर हो रहा है, जो पुराने पड़ चुके हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जीवन रक्षा भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआइपी) का एक प्रमुख अभियान है। प्रत्येक वर्ष 2.6 करोड़ से ज्यादा नवजात शिशुओं को यूआइपी के तहत खसरा, डिप्थीरिया, पोलियो आदि 12 रोकथाम योग्य बीमारियों के विरुद्ध टीके लगाये जाते हैं। ये रोग जीवन के लिए खतरा हो सकते हैं या बच्चे के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। यद्यपि, यह कार्यक्रम वर्ष 1985 में शुरू हुआ था, लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसका अधिक तेजी से विस्तार हुआ है।**

# भारत के टीकाकरण कार्यक्रम को अत्याधुनिक डिजिटल बढ़ावा



**जगत प्रकाश नड्डा**



बीमारियों को रोकने में टीकों की भूमिका वर्ष 1796 से ही अहम साबित होती आ रही है, जब जानलेवा बीमारी चेचक के विरुद्ध पहला टीकाकरण किया गया था। पिछले 50 सालों में ही टीकों से वैश्विक स्तर पर 15 करोड़ से अधिक लोगों की जानें बचाई गई हैं, जो प्रत्येक वर्ष प्रति मिनट 6 लोगों की जान बचाने के बराबर है। जीवन रक्षा भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआइपी) का एक प्रमुख अभियान है। प्रत्येक वर्ष 2.6 करोड़ से ज्यादा नवजात शिशुओं को यूआइपी के तहत खसरा, डिप्थीरिया, पोलियो आदि 12 रोकथाम योग्य बीमारियों के विरुद्ध टीके लगाये जाते हैं। ये रोग जीवन के लिए खतरा हो सकते हैं या बच्चे के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। यद्यपि, यह कार्यक्रम वर्ष 1985 में शुरू हुआ था, लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसका अधिक तेजी से विस्तार हुआ है। भारत सरकार के मिशन इंद्रधनुष जैसे सघन अभियानों के परिणामस्वरूप टीकाकरण कवरेज 90% से अधिक तक बढ़ गयी है।

तथापि, 100% टीकाकरण कवरेज हासिल करने के मार्ग में अनेक चुनौतियां बनी हुई हैं। कुछ क्षेत्रों और समुदायों में टीकाकरण के प्रति हिचकिचाहट से लेकर पलायन के कारण बीच में ही टीकाकरण छोड़ देने जैसे कई ऐसे कारण हैं, जिनसे कुछ बच्चों का टीकाकरण आंशिक रूप से ही हो पाता है या बिल्कुल नहीं हो पाता।

**भारत जैसे-जैसे एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत सरकार ने बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और हर बच्चे और गर्भवती महिला का टीकाकरण करने के मिशन के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता जतायी है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने टीकाकरण कवरेज का अधिकतम विस्तार करने के लिए यू-विन (यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम-विन) नामक एक तकनीकी समाधान की परिकल्पना की है। यू-विन एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो पूरे भारत में सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण की स्थिति को इलेक्ट्रॉनिक रूप से पंजीकृत और मॉनिटर करता है।

यू-विन अनिवार्य रूप से एक नाम-आधारित रजिस्ट्री है, जो कहीं भी, कभी भी टीकाकरण की सुविधा प्रदान करती है। लोगों की सुविधा को ध्यान में रख कर तैयार किये गये इस प्लेटफॉर्म पर टीकाकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए इसमें कई विशेषताएं मौजूद हैं। गर्भवती महिलाएं यू-विन ऐप या पोर्टल के जरिए खुद को पंजीकृत कर सकती हैं या पंजीकरण के लिए निकटतम टीकाकरण केंद्र में जा सकती हैं।

एक बार पंजीकृत होने के बाद स्वास्थ्य परिचर गर्भवती महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण टीकाकरण को ट्रैक कर सकते हैं, प्रसव के परिणामों को रिकॉर्ड कर सकते हैं, नवजात शिशु को पंजीकृत कर सकते हैं जिससे कि उनका भी टीकाकरण कार्यक्रम आरंभ किया जा सके। इस टीकाकरण-कार्यक्रम को कार्यक्रम प्रबंधक तब तक ट्रैक कर सकते हैं, जब तक कि बच्चा 16 वर्ष का न हो जाये। यू-विन से माता-पिता और अभिभावकों को काफी सुविधाएं मिलती हैं, जिनसे वे देश में कहीं भी टीकाकरण सेवाओं तक पहुंच सकते हैं और सिर्फ. एक बटन क्लिक करके अपने बच्चों को सुरक्षित कर सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म पर अपॉइंटमेंट बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है, जो प्रवासी कामगारों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है।

यू-विन 11 भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे प्लेटफॉर्म की पहुंच और अधिक व्यापक हो गई है। रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण इसकी एक अन्य प्रमुख विशेषता है। हर बार जब कोई सत्यापित लाभार्थी टीका लगवाता है, तो तत्समय डिजिटल टीकाकरण का रिकॉर्ड बन जाता है। लाभार्थियों को एक डिजिटल पावती और एक क्यूआर-आधारित प्रमाण-पत्र भी मिलता है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है और चलते-फिरते सत्यापन के लिए मोबाइल डिवाइस पर संग्रहित किया जा सकता है, जो विशेष रूप से स्कूल में प्रवेश और यात्रा के लिए उपयोगी होता है। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म आगामी टीकाकरण की खुराकों के लिए एसएमएस द्वारा सूचना और अनुस्मारक भेजता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि अभिभावक और स्वास्थ्य परिचर्याकर्मी खुराकों के बीच निर्धारित न्यूनतम अंतराल का पालन करें।

यू-विन एक इंटीग्रेटर के रूप में कार्य करता है, जो माता-पिता/अभिभावकों, डॉक्टरों, स्वास्थ्य परिचर्या कर्मियों और व्यापक स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को एक ही मंच पर लाता है। यू-विन के माध्यम से पूरे देश में टीकाकरण की प्रगति एवं कवरेज की प्रभावी निगरानी आसानी से की जा सकती है। यू-विन के लाभार्थियों द्वारा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) एवं शिशु आभा आइडी बनायी जा सकती है। इससे रोगी की पूर्व सहमति से उसकी चिकित्सकीय जानकारी चिकित्सा पेशेवरों को उपलब्ध हो सकती है। इससे चिकित्सा पेशेवरों द्वारा एक ही नजर में रोगी के पूर्व-चिकित्सा विवरण को समझकर उसके इलाज के परिणामों में सुधार लाया जा सकता है।

यू-विन टीकाकरण की देय सूची बनाने में एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं की भी सहायता करता है और लाभार्थियों को समय पर टीका लगाना सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रयासों में सहयोग करता है।

पिछले 10 वर्षों में, भारत ने स्वास्थ्य परिचर्या में क्रांति लाने के लिए देश में ही विकसित स्वास्थ्य प्रणालियों पर भरोसा किया है। वर्ष 2014 में शुरू किये गये इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (ई-विन) ने टीकों को प्राप्त करने, संग्रहीत करने और अंतिम छोर तक वितरित करने के तरीके को बदल दिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान, दुनिया ने भारत के कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम हेतु आधारभूत प्रौद्योगिकी को-विन की सफलता देखी, जिसने 18 महीने से भी कम समय में कोविड-19 टीकाकरण की 220 करोड़ खुराकें लगाने में मदद की। अब यू-विन से टीकाकरण सेवाओं का समस्त परिदृश्य परिवर्तन के लिए तैयार है, जिससे टीकाकरण कवरेज में काफी सुधार होगा।

भारत जैसे-जैसे एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, सुदृढ़ टीकाकरण कार्यक्रमों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता सिर्फ एक स्वास्थ्य पहल नहीं है - बल्कि यह भविष्य के लिए एक आधारभूत निवेश है। उन्नत डिजिटल अवसंरचना और व्यापक जन स्वास्थ्य कार्यनीतियों के माध्यम से अपने सबसे कम उम्र के नागरिकों के टीकाकरण को प्राथमिकता देकर भारत न केवल रोकथाम योग्य बीमारियों से लड़ रहा है, बल्कि एक स्वस्थ, और आर्थिक रूप से सक्षम आबादी को भी बढ़ावा दे रहा है। ये प्रयास एक ऐसे भविष्य का निर्माण करने के दृढ़ संकल्प को दर्शाते हैं, जहां कोई भी बच्चा जीवन रक्षक टीके लगवाने से वंचित न रहे, चाहे वह जम्मू और कश्मीर के बर्फीले क्षेत्रों में हों, कच्छ के रेगिस्तान में, अरुणाचल प्रदेश की सीमाओं पर या अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के नीले पानी से घिरे गांवों में रहता हो।

**(लेखक : केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# कमला हैरिस की जीत के लिए भारत में दुआ

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले महायज्ञ में जुटे हजारों लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हैदराबाद।** पांच नवंबर को होने वाले मतदान से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट कमला हैरिस के बीच कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। इस बीच भारतीय कमला हैरिस की जीत की दुआ मांगते नजर आ रहे हैं। तेलंगाना के भद्राद्री कोरहागुडेम में भारतीयों ने कमला हैरिस की जीत के लिए 11 दिनों के भव्य हवन का आयोजन किया गया। पिछले 10 दिनों से कई वैदिक पंडितों और चतुर्वेद पंडितों द्वारा अनुष्ठान किये जाने के बाद बुधवार को भव्य यज्ञ का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन श्यामला गोपालन फाउंडेशन के द्वारा किया गया। आयोजकों के मुताबिक अनुष्ठान में 40 वैदिक पंडित शामिल हुए। वहीं लगभग सात हजार लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अनुष्ठान के मुख्य आयोजक श्यामला गोपालन एजुकेशनल फाउंडेशन के संस्थापक ने कहा कि लगभग एक सप्ताह पहले यज्ञ के लिए अनुष्ठान शुरू होने के बाद कमला हैरिस के समर्थन में बढ़ोतरी हुई है। बुधवार को अनुष्ठान का 11वां और समापन का आखिरी दिन था। इस दौरान पूर्णाहुति भी डाली गयी। नल्ला सुरेश रेड्डी ने बताया, सब भगवान की कृपा से होगा। हमने देखा कि अनुष्ठान के बाद हैरिस का समर्थन आधार बढ़ा है। हम चाहते हैं कि हैरिस जीतें। रेड्डी ने कहा कि वे अनुष्ठान के तहत प्रतिदिन लगभग 500-1,000 लोगों को भोजन कराते थे। उन्होंने कहा, भारत को व्यापक रूप से एक हिंदू राष्ट्र के रूप में देखा जाता है। इस धर्म में अपनी आस्था बनाये रखते हुए हम उम्मीद कर रहे हैं कि हैरिस चुनाव जीतेंगी।

**कमला हैरिस का भारत से रिश्ता :** कमला हैरिस की मां एक भारतीय हैं, जो अमेरिका में बस गयी थीं। डेमोक्रेटिक अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार का जन्म कैलिफोर्निया के ओकलैंड में हुआ था और उन्होंने वाशिंगटन में अश्वेत विश्वविद्यालय में पढ़ाई की है।

# दिवाली मदद करने और खुशियां बांटने का अवसर है : राष्ट्रपति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को दिवाली की पूर्व संध्या पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह त्योहार वंचितों और जरूरतमंदों की मदद करने और उनके साथ खुशियां बांटने का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि दिवाली के पावन अवसर पर हमें अपनी अंतरात्मा को प्रकाशित करना चाहिए, प्रेम और करुणा के गुणों को अपनाना चाहिए और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए। वहीं राष्ट्रपति भवन की तरफ से जारी एक संदेश में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि दिवाली खुशी और उत्साह का त्योहार है। उन्होंने कहा, यह त्योहार अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। भारत और विदेशों में कई समुदाय इस त्योहार को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार एक उज्ज्वल भविष्य की आशा भी जगाता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने देश और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा, आइए हम भारत की गौरवशाली विरासत पर गर्व करें। अच्छाई में विश्वास के साथ आइए हम प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाएं और एक स्वस्थ, समृद्ध और जिम्मेदार समाज के निर्माण का संकल्प लें।

# सुलझे भारत-चीन के रिश्ते, दिवाली पर होगा मिठाइयों का आदान-प्रदान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के बीच 2020 से शुरू हुआ विवाद आखिरकार सुलझ गया है। सेना के सूत्रों के अनुसार तय समय-सीमा के अनुसार भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में तनाव कम करने का काम पूरा कर लिया है। जानकारी के मुताबिक इस क्षेत्र में जल्द ही गश्त शुरू हो जायेगी। वहीं इस रिश्ते की बेहतर शुरुआत को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को दिवाली के अवसर पर चीनी पक्ष के सैनिकों के साथ मिठाइयों का आदान-प्रदान भी किया जायेगा। भारतीय सेना के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी साझा की और बाद में पत्रकारों को संबोधित करते हुए भारत में चीनी राजदूत जू फेहोंग ने कहा कि दोनों देशों ने आपसी सहमति से मुद्दे को सुलझाया है। उन्होंने कहा, हम आपसी सहमति के बिंदु पर पहुंच गये हैं। पड़ोसी होने के नाते हमारे बीच कुछ मुद्दे होंगे, लेकिन राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच पिछले सप्ताह रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान बैठक के बाद दोनों देश संबंधों को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। हम जल्द ही भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करेंगे।

वहीं सेना सूत्रों ने पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले दो बिंदुओं पर सैनिकों की वापसी पर कहा कि स्थानीय कमांडर स्तर पर वार्ता जारी रहेगी। फिलहाल पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले दो बिंदुओं पर सैनिकों की वापसी पूरी हो गयी है। इसके बाद पूर्वी लद्दाख के डेमचोक, देपसांग में जल्द ही गश्त शुरू होगी। भारत और चीन के बीच हुए महत्वपूर्ण समझौते के बाद दोनों देशों ने पूर्वी लद्दाख के देमचोक और देपसांग में टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाना शुरू किया था।

भारत और चीन के बीच हुए इस अहम समझौते के बाद दोनों देशों ने दो अक्तूबर को पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचौक में टकराव वाले दो बिंदुओं पर सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया शुरू की थी। पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बातचीत के बाद से पूर्वी लद्दाक में एलएसी पर डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया शुरू हो गयी थी। डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया का मतलब सैनिकों की वापसी से होता है। भारतीय सेना के अधिकारी देपसांग और डेमचौक में इस डिसइंगेजमेंट पर नजर रख रहे हैं। इन सब के बीच डेमचौक में दोनों ही तरफ से अभी तक कई टेंट हटाये जा चुके हैं।

# वायनाड में प्रियंका गांधी का रोड-शो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वायनाड।** कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका गांधी ने बुधवार को यहां एक रोड शो किया। उन्होंने 23 अक्तूबर को वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया था। रोड शो के दौरान प्रियंका गांधी ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, देश में बेरोजगारी अबतक के उच्चतम स्तर पर है। माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन वे उनके लिए कोई भविष्य नहीं देखते हैं। आपके यहां खेलों का केंद्र है। मुझे मालूम है कि आपलोगों को फुटबॉल बहुत पसंद है, लेकिन यहां सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। उनमें सुधार की जरूरत हैं। सभी युवाओं के लिए नये अवसर पैदा करने की जरूरत है, जो अपने राज्य, अपने देश की तरफ से खेलने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। रैली में प्रियंका गांधी ने भाजपा नीत एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि एनडीए के शासन में संविधान के मूल्यों को लगातार कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि सरकार की नीतियां आम लोगों की बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मित्रों के पक्ष में बनायी जा रही हैं। इससे पहले प्रियंका गांधी ने वायनाड के लोगों के लिए एक चिट्ठी लिखी थी, जिसमें उन्होंने वहां के लोगों को अपना मार्गदर्शक और शिक्षक बताया है। उन्होंने कहा था, वायनाड के मेरे प्यारे भाइयों, बहनों आपके जनप्रतिनिधि के तौर पर मेरी इस यात्रा में आप लोग मेरे मार्गदर्शक और शिक्षक हैं। लोकतंत्र, न्याय, संविधान में प्रतिष्ठापित मूल्यों के लिए लड़ना मेरे जीवन का लक्ष्य है। यदि आप मुझे अपना सांसद बनाना चुनते हैं तो मैं आपकी बहुत आभारी रहूंगी।

केरल के पोझुथाना में एक सार्वजनिक रैली के दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, भाजपा सरकार केवल दो काम करने में व्यस्त है। एक, अपने व्यापारी मित्रों को और भी अमीर बनाना और सरकार और देश के सभी संसाधनों को उनके हवाले करना। दूसरा, लोगों को विभाजित करना, ताकि वे सत्ता में बने रहें।

# बिहार में छठ मनायेंगे जेपी नड्डा नीतीश संग गंगा घाट जायेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार में छठ पर्व की अपनी खास महत्ता है। पूरे राज्य में इस पर्व को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। छठ पूजा के दौरान इस बार भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सात नवंबर को बिहार आएंगे। वह पटना में छठ पर्व में भी शामिल होंगे।

जानकारी के मुताबिक भाजपा अध्यक्ष सीएम नीतीश के साथ गंगा घाट जायेंगे और छठ पर्व में शामिल होंगे। छठ पूजा के दौरान सात नवंबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। अगले दिन अठ नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा।

बता दें कि बिहार से जेपी नड्डा का खास रिश्ता है। जेपी नड्डा का जन्म दो दिसंबर 1960 को पटना में हुआ था। जेपी नड्डा के भाई का नाम जगत भूषण नड्डा है। जेपी नड्डा की पढ़ाई पटना स्थित संत जेवियर्स स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने पटना कॉलेज से बीए किया। जेपी नड्डा ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई की है। बचपन के दिनों में नड्डा ने दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया जूनियर स्विमिंग चैंपियनशिप में बिहार का प्रतिनिधित्व किया था।

# देश से माफी मांगे कांग्रेस : भाजपा

**चुनाव आयोग की ओर से आरोपों को खारिज किये जाने के बाद पार्टी ने की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने चुनाव आयोग की ओर से हरियाणा विधानसभा चुनाव में अनियमितताओं के कांग्रेस के आरोपों को तुच्छ और निराधार बताकर खारिज किये जाने के बाद बुधवार को कहा कि कांग्रेस को इस मुद्दे पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और देश से माफी भी मांगनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे एक पत्र में आयोग ने कहा कि इस तरह के तुच्छ और बेबुनियाद संदेह अशांति पैदा करने की क्षमता रखते हैं, खासकर मतदान और मतगणना जैसे महत्वपूर्ण चरण में, जब राजनीतिक दलों और जनता की बेचैनी चरम पर होती है। हरियाणा में पांच अक्टूबर को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 90 में से 48 सीटें जीतकर अपनी सत्ता बरकरार रखी, जबकि कांग्रेस 37, इनेलो दो और निर्दलीय तीन सीटों पर विजयी रहे। आठ पन्नों के पत्र के मुताबिक, कांग्रेस ने हरियाणा की 26 विधानसभा सीटों के कुछ मतदान केंद्रों पर गिनती के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) की कंट्रोल यूनिट पर बैटरी का स्तर 99 फीसदी दिखने पर सवाल उठाये थे और स्पष्टीकरण मांगा था। आयोग ने कहा, इस चिंता में कंट्रोल यूनिट को बदले जाने की आशंका छिपी हुई थी। इस मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 1,642 पन्नों में चुनाव आयोग ने कांग्रेस को उसके निराधार और निरर्थक आरोपों पर विस्तृत जवाब दिया है। पार्टी अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। उसे किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास नहीं है और वह भारत की व्यवस्था को कमजोर करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस जिस तरीके से संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को कम करने की कोशिश कर रही है, वह न केवल हास्यास्पद है, बल्कि संदेहास्पद भी है।

## भाजपा प्रत्याशी आलोक कुमार चौरसिया ने चुनावी सभा का किया आयोजन



भंडरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय इंडियन पेट्रोल पंप के बगल में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आलोक कुमार चौरसिया ने चुनावी सभा का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि हमने जो 10 साल में काम किया है वह सहराहनीय काम है, हमने अपने कार्यकाल में हर जगह रोड पुल पुली हर कार्य किये हैं। हमारे कार्य और कुशल नेतृत्व को देखकर जनता फिर से विधायक चुनने का मन बनाया है, फिर से यहां पर कमल छाप का परचम लहरायेगा। इस सभा में राम सकल नागवंशी, विशेश्वर माझी सहित सभी लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस सभा संबोधित पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी पूर्व शिक्षक कुंवर सिंह जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो आदि ने संबोधित किया।

## मारपीट के प्राथमिकी अभियुक्त अनिल राम गिरफ्तार



मझिआंव (आजाद सिपाही)। कोर्ट में चल रहे मामले के बावजूद भी पुलिस के मना करने के बाद भी बल पूर्वक बना रहा था घर। मंझिआंव थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरबे पंचायत के करकट्टा गांव में जमीनी विवाद को लेकर जुलाई माह में जमकर मारपिट लाठी -डंडा, ईंट पत्थर से की गयी थी, जिसमें दुसरे पक्ष के 70 वर्षीय करकटा ग्राम निवासी विश्वनाथ राम गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिनका माथा फट गया था, एक हाथ टूट गया था, तथा दूसरा हाथ भी डैमेज हो चुका था और शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोट लगी थी। जिसे रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों के द्वारा गढ़वा रेफर कर दिया गया था, तथा घायल विश्वनाथ राम के द्वारा थाना केश कांड संख्या 72/24 के तहत अन्य धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी, उसमें करकट्टा गांव निवासी अनिल राम, सुनिल राम, जो सरकारी सिपाही में कार्यरत है, चंद्रिका राम, संजय राम, संजू देवी (पतिः अनिल राम), फूल कुमारी देवी (सुनिल राम ), अनूप कुमार और आकाश कुमार का नाम शामिल था। दिये गये आवेदन में लिखा गया था कि उक्त जमीन पर न्यायालय में 2020 से मामला लंबित है, इसके बावजूद भी विवादित जमीन में उपरोक्त सभी लोगों के द्वारा बलपूर्वक घर बनाया जा रहा था, मना करने के बाद सभी एक राय होकर बर्बरता पूर्ण रूप से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि विवादित जमीन में घर बनाने से मना करने के बावजूद भी अनिल राम के द्वारा नहीं माना गया, और उसमें घर बनाया जा रहा था, जिसकी सूचना पर मंगलवार शाम को मौके वारदात पर जांच करने पर घर में इट जोड़ाई करते हुए पाया गया, जिसे अनिल राम को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी बहुत जल्द करने की बात कही।

# झारखंड की खनिज संपदा लूटने के लिए बेचैन है भाजपा : मिथिलेश

**मेराल में झामुमो का कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित**

**2000 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** मेराल के बंका रोड मोड़ पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड के सभी पंचायतों से विभिन्न पार्टियों को छोड़कर 2000 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। मौके पर गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा झारखंड की खनिज संपदा लूटने के लिए बेचैन है। पांच साल सत्ता से बाहर रहना भाजपा को पच नहीं रहा है। यही कारण है कि केंद्र सरकार इडी, सीबीआई का दुरुपयोग कर झारखंड की सत्ता पर काबिज होना चाहती है। झारखंड वासियों के लिए बेहतर कार्य कर रहे, गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं को हक, अधिकार प्रदान कर रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार ने बेवजह जेल भेज दिया। उन्होंने ने कहा कि गरीबों की सेवा करने के लिए वे टूट सकते हैं लेकिन झुक नहीं सकते। हर हाल में झारखंड की बेहतरी और गढ़वा का विकास और जनता को हक अधिकार दिलाने का काम करते रहेंगे। श्री ठाकुर ने सभी से चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: उपायुक्त

**निर्वाचन कार्य से अनुपस्थित 6 कर्मियों को स्पष्टीकरण, वेतन स्थगित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा है कि विधानसभा चुनाव 2024 के कार्य निष्पादन और कार्य/दायित्व से अनुपस्थित रहने संबंधी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने आज अन्तर्राज्यीय चेकनाका पर अपने कार्य दायित्व से अनुपस्थित 6 कर्मियों को स्पष्टीकरण किया है। उपायुक्त ने कहा है कि अंतर्राज्यीय राज्य चेकनाका, गढ़वा के नोडल पदाधिकारी द्वारा सूचित किया गया कि 29 अक्टूबर 2024 को पूर्वाह्न 6:00 बजे से 7:45 तक वेव कास्टिंग एवं दूरभाष के माध्यम से पर्यवेक्षण किया गया। पर्यवेक्षण के क्रम में विभिन्न चेकपोस्ट पर कार्यरत 6 कर्मी निर्वाचन कार्य दायित्व से अनुपस्थित पाये गये हैं, जो भारत निर्वाचन आयोग के दिशा- निदेश के प्रतिकूल है। यह कृत्य सरकारी आदेश की अवहेलना, मनमानेपन एवं घोर अनुशासनहीनता का परिचायक है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने 24 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध करने का सख्त निदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि क्यों नहीं आपके इस कृत्य के लिए आपके विरुद्ध भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधान के आलोक में दंडनात्मक कार्रवाई की जाए। इन 6 कर्मियों का अगले आदेश तक मानदेय/वेतन भी स्थागित किया गया है। उपायुक्त ने निर्वाचन कार्य में लगाये गये सभी पदाधिकारी और कर्मियों को इमानदारी पूर्वक और समयबद्धता के साथ कार्य निष्पादन का निदेश दिया है।

## मझिआंव झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा



मझिआंव (आजाद सिपाही)। झामुमो पार्टी के मझिआंव प्रखंड अध्यक्ष सैयद अंसारी ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर अपने पार्टी तथा पार्टी से मिले सभी पदों से स्तीफा देने की जानकारी दी। वहीं सैयद अंसारी ने कहा कि मैं पिछले कई सालों से उन्होंने अपने पार्टी में निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करता रहा हूं, लेकिन पार्टी से उचित सम्मान नही मिलने से दुखी हूं, जिसके कारण मैं पार्टी से इस्तीफा देते हुए पार्टी के जिला सचिव को इसकी लिखित सूचना दे दिया हूं। अंसारी ने बताया कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के रूप में राजद को टिकट मिला, इसके बाद कांग्रेस द्वारा भी अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया गया, जिसके बाद मैं पूरी तरह से कंफ्यूज हो गया हूं। तथा गठबंधन टूटने से व्यक्तिगत रूप से दुःखी भी हूं।

## बेलोपाती गांव में सुंदरकांड पाठ का आयोजन 5 नवंबर से

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बेलोपाती गांव में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ और एकादशी उद्यापन का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर आयोजक ने श्रद्धालु सज्जनों को सपरिवार आमंत्रित किया है। इसकी जानकारी देते हुए कार्यक्रम के प्रबंधक पंडित मुरलीधर मिश्र ने कहा कि 5 नवंबर 2024 को शाम 6:00 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जायेगा। जबकि 6 नवंबर को प्रातः 9:00 बजे कलश यात्रा निकाली जायेगी।

## डगर गांव में झामुमो का चुनावी कार्यालय खुला



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार की शाम झारखंड मुक्ति मोर्चा का चुनावी कार्यालय खोला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिहरपुर पंचायत के डगर गांव में सतीस सिंह के मकान में पूर्व प्रधानाचार्य स्व परमेश्वर दयाल सिंह की पत्नी सरिता देवी के द्वारा कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। उसके पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए झारखंड के हेमंत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गिनाया, उसके पश्चात उन्होंने छठ गीत व अन्य कई गीतों के तर्ज पर गीत गाकर पार्टी के हर एक सदस्यों में उत्साह भर दिया। मौके पर रामेश्वर सिंह, धनजंय सिंह, धीरेंद्र सिंह, बैजनाथ साह, रमेश राम, सुदामा पासवान, जितेंद्र चौबे, राहुल चौबे, अखिलेश राम, धर्मेंद्र शर्मा, शैलेंद्र विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सेल परिसर में अवैध मिट्टी मोरम की खुदाई का मामला, प्रशासन ने नहीं उठाया कोई ठोस कदम

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। रेलवे साइडिंग झोपड़पट्टी स्थित सेल परिसर में अवैध मिट्टी मोरम की खुदाई का मामला सामने आया है। यह सेल का एक औद्योगिक क्षेत्र है, जहां कर्मचारियों के आवास, सुविधाएं और आवश्यक संरचनायें मौजूद हैं। परंतु, हाल के दिनों में सेल परिसर के भीतर मिट्टी मोरम की खुदाई कर इसे अवैध तरीके से निकालने की घटनायें बढ़ गयी हैं। अवैध रूप से मिट्टी और मोरम की खुदाई पर्यावरणीय संतुलन के लिए हानिकारक होती है, साथ ही इससे भू-संरचना पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सेल परिसर में ऐसी गतिविधियां नियमों का उल्लंघन करती हैं और इसकी अनुमति नहीं होती। प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों को जानकारी मिलने पर उन्होंने इस पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई का आश्वासन दिया है, परंतु अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। आसपास के क्षेत्रों में अवैध खनन की घटनायें प्रायः देखी जाती हैं, लेकिन टाउनशिप के भीतर यह गतिविधि एक नयी समस्या के रूप में उभर रही है।

## आरकेपीएस में धूमधाम से मनाया गया दीपावली महोत्सव



गढ़वा (आजाद सिपाही)। प्रकाश पर्व-दीपावली के अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में हमेशा सत्य की राह पर ही चलना श्रेष्ठ होता है। यही रास्ता हमारे जीवन में प्रकाश भरता है तथा सदैव नई रोशनी व नई ऊर्जा प्रदान करता है। बच्चों द्वारा बनाये गये पोस्टर और रंगोली का निरीक्षण स्कूल के प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा, बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय, अनुप कुमार पाण्डेय,व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी किया। इस अवसर पर अनिता सिन्हा, गीता पांडेय, नंदलाल गुप्ता, अभिलाषा तिवारी, जागृति चौबे, पूनम राय और अन्य सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे स्कूल में खुशी और आनंद का माहौल था।

# चुनाव में मंत्री को जमानत बचाना होगा मुश्किल: सत्येंद्रनाथ तिवारी

**जनसंपर्क अभियान के दौरान झामुमो छोड़कर एक हजार से अधिक लोग भाजपा में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बुधवार को एनडीए प्रत्याशी सह पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने गढ़वा प्रखंड के शहरी और ग्रामीण इलाकों के विभिन्न गांव और टोला में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से भारी बहुमत के साथ भाजपा को जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जितना अधिक मजबूत होंगे, देश उतना ही तेज गति से तरक्की करेगा। अलग-अलग जगहों पर आयोजित जनसंपर्क अभियान के दौरान झामुमो छोड़कर एक हजार से अधिक लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण किए। सभी को भाजपा प्रत्याशी ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस विधानसभा के चुनाव में मंत्री मिथिलेश ठाकुर को अपनी जमानत बचाना मुश्किल हो जायेगा। मंत्री अपनी करारी हार मान चुके है। उन्होंने कहा कि मंत्री चाहे कितना भी छल, प्रपंच कर ले, इस बार जनता उनकी झांसे में नही आने वाली है। क्षेत्र की जनता पीएम मोदी में आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मूड बना चुकी है। उन्होंने कहा कि टेंडर मैनेज, बालू का अवैध खनन, जमीन लूट, गरीबों के राशन में कटौती कर कमीशन सहित योजनाएं के कमीशन की राशि से मंत्री काली कमाई का साम्राज्य स्थापित कर लिए है। जनसंपर्क अभियान को आजसू जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, भाजपा नेता विनोद चंद्रवंशी, सन्नी चंद्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्रवंशी, अजय जायसवाल, उमेश सिंह सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। वहीं दूसरी ओर पूर्व विधायक के आवास पर पहुंचे दूसरे दलों के लोगों ने भी झामुमो छोड़ भाजपा का दामन थामा।

## Format C-2

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**

Name of the Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY- 2024**

Name of the State/UT: **JHARKHAND**

| 1 | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | 81 Bhawanath pur | Anant Pratap Deo | Name of Court Case No. Status of the case (e) | Section of the Acts Concerned & Brief Description of offence (s) | Name of Court Date (s) of Order (s) | Description of Offence (S) Punishment Imposed | Maximum punishment imposed. |
| | | | A.C.J.M Nagar Untari, Dhurri P.S., Case No. 37/ 2024 f.f. awaited | Sec. 188 143,171 I.P.C Violation of Order of public scr Violation of moral rule of code of cohduct | N.A | N.A | N.A |
| | | | Sri S.N Kujur J.M. Nagar Untari, Hariharpur P.S., Case No. 78/2024 F.F Awaited | Disturban CEIN Voting -G Right & Violation of Moral Rule of Code of Conduct Sec. 171(C) 188 I.P.S 134 R.P. Act. | N.A | N.A | N.A |

Sd/-
**JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
**JHARKHAND**

## (Form 26 See rule 4A) PART -A

**AFFIDAVIT TO BE FILED BY THE CANDIDATE ALONG WITH NOMINATION PAPER BEFORE THE RETURNING OFFICER FOR ELECTION TO LEGISLATIVE ASSEMBLY OF JHARKHAND (NAME OF THE HOUSE) FROM 081 BHAWNATHPUR CONSTITUENCY (NAME OF THE CONSTUENCY)**

Name of the Political Party: **BHARTIYA JANTA PARTY**

Name of the Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY, 2024**

Name of the State/UT: **JHARKHAND**

(1) Name of the Constituency – **81 – BHAWANATHPUR**

Name of the Candidate – **BHANU PRATAP SAHI**

**Pending Criminal Cases**

(I) I declare that there is no pending criminal case against me. (Tick this alternative if there is no criminal case pending against the Candidate and write NOT APPLICABLE against alternative (ii) below)

OR

(ii) The following criminal cases are pending against me:
(If there are pending criminal cases against the candidate, then tick this alternative andscore off alternative (i) above, and give details of all pending cases in the Table below)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | FIR No. with nameand address of Police Station concerned | 1)RC 05 (A)/2010 AHD-R 2)RC 11 (A)/2009 AHD-R 3)ECIR02/PAT/09/AD-D 4) LALPUR P.S. CASE NO. 251/2021 5)LALPUR P.S. CASE NO. 203/2024 | 6)RAMNA P.S. CASE NO. 34/2022 7)RAMNA P.S. CASE NO. 54/2024 8)RAMNA P.S. CASE NO. 96/2024 9)DHURKI P.S. CASE NO. 143/2024 10) KHARAUNDHI PS CASE NO. 82 2020 |
| (b) | Case No. with Name of the Court | 1) RC 05 (A)/2010 AHD-R 2) RC 11 (A)/2009 AHD-R 3) ECIR02/PAT/09/AD-D Shri Prabhat Kumar Sharma, AJC XVIII Cum Spl Judge CBI, PMLA Ranchi 4) LALPUR P.S. CASE NO. 251/2021 5) LALPUR P.S. CASE NO. 203/2024 Shri Sharthak Sharma, JMFC Ranchi Cum Spl JM, MP/MLA Court Ranchi. | 6) RAMNA P.S. CASE NO. 34/2022 7) RAMNA P.S., CASE NO. 54/2024 8) RAMNA P.S. CASE NO. 96/2024 9)DHURKI P.S. CASE NO. 143/2024 10) KHARAUNDHI P.S. CASE NO. 82/2024 Shri Shailendra Kumar Napit, JMFC Nagar Untari. |
| (c) | Section(s) ofoncerned Acts/Codes involved(give no, of the Section, e.g. Section....... of IPC,etc.) | 1)U/s 120B IPC, 09/13(2) r/w 13(1)(d) of PC Act 2)U/s 120B, 420, 467, 468, 471, of IPC & 13(2) r/w 13(1)(c) & 13(1)(d) of PC Act 1988 3)U/s 3/4 PMLA 2002 4)U/s 147, 149, 341, 323, 332, 353, 188, 269, 270 of IPC & 51Disester management Act. 191(2)(3)/190/115(2)/ 117(2)/109/121(1) 125/132/324(2)/351(2)/352/61(2) of BNS | 6)U/s 143, 144, 145,151, 186, 188, 353 IPC& 51Disester management Act. 8)U/s 152 BNS & 3(1)(r) SC/ST Act 67 IT Act. 9)U/s 223/189/171 BNS of 127 RP Act 1951. 7)U/s 188 IPC& 130 RP Act. 10)U/s 189/223/171 BNS 2023, 127 RP Act 1951 |
| (d) | Brief description of offence | 1) Case filled to be alleged to have disportionate income to my assests 2) In capacity of health minister made a concern in NRHM Scam 3) Allegation of the launder money 4) & 5) Allegation of the creating of obstruction DTO district authority in discharge of his function. | 6) & 7) Allegation of to convincing near polling station in LOK Shaba Election. 8) Allegation to Harass a person member of SC/ST 9) & 10) Allegation of Model Code of Conduct |
| (e) | Whether chargeshave been framed (mention YES orNO) | YES, SI No. 1), 2) & 3) Charged farmed. 4), 5), 6), 7), 8), 9) & 10) Chaged not farmed Case are under Investigation. | |
| (f) | If answer against (e) above is YES, thengive the date on which charges wereframed | 1) 26/02/2018, 2) 23/11/2017, 3) 04/06/2018 | |
| (g) | Whether any Appeal/Application for revision has beenfiled against theproceedings (Mention YES /NO) or | 1) Yes, Cr. Rev. 887/18 before the Hon'ble H.C. of Jharkhand. 2) Yes, Cr. Rev. 1682/17 before the Hon'ble H.C. of Jharkhand 3) Yes, Cr. Rev. 905/18 before the Hon'ble H.C. of Jharkhand. 5) Yes, W.P.C. Cr. No.-735/2024 Hon'ble H.C. of Jharkhand. | |

Sd/-
**BHANU PRATAP SAHI**
BHARTIYA JANTA PRATY
Candidate, 81-BHAWANATHPUR JHARKHAND

# दूसरे पार्टियों के 50 से अधिक लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** कांग्रेस प्रत्याशी सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू जी कांग्रेस कार्यकरी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद के द्वारा लगातार कैरौ प्रखंड अंतर्गत गांव-गांव जनसंपर्क अभियान किया जा रहा है। इस क्रम में आजसू भाजपा के सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया। लोहरदगा विधानसभा प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद द्वारा लोगों को कांग्रेस पार्टी में सदस्यता ग्रहण कराया गया। इधर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर युवा कांग्रेस की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग की अध्यक्षता में राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में रखी गयी। जिसमें मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन दल के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव, कार्यकारी ज़िलाध्यक्ष हाजी सकील अहमद, आइवाइसी कॉर्डिनेटर सत्यव्रत दास उपस्थित थे। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। जिसमें नगर क्षेत्र से फहद खान, अमन अख़्तर, हरीश अंसारी, जुनैद अंसारी ने फहद अंसारी के नेतृत्व में युवा कांग्रेस का हाथ थामा। जिन्हें डॉ रामेश्वर उरांव ने पट्टा एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उराँव ने कहा कि युवा कांग्रेस महत्वपूर्ण अग्रणी संगठन है और अच्छा कार्य कर रही है। चुनाव में सभी पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष क्षेत्र में लग जायें एवं सरकार के द्वारा किये गये कार्यों को जनता तक पहुंचाने का कार्य करें। ज़िला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि युवा राष्ट्र के भविष्य है। और समय आ गया है कि युवा कांग्रेस विधानसभा में बढ़ चढ़ कर कार्य करें।

## तालाब में डूबने से एक किशोरी की मौत

**किस्को (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत खरकी पंचायत अंतर्गत कसियाडीह खेल मैदान स्थित तालाब किनारे खेल रही दो चचेरी बहनों मे तालाब में डूबने से एक की मौत हो गयी। जिसमें मृतिका बच्ची कसियाडीह गांव निवासी राजकेश्वर यादव के 11 वर्षीय पुत्री अंकिता कुमारी है। जबकि मानवीर महतो के 11 वर्षीय पुत्री पूनम कुमारी को लोगों द्वारा बचा लिया गया। घटना मंगलवार को शाम करीब 4:00 बजे घटी। जिसमें बताया जा रहा है कि दोनों बहनें गाय चराने गयी थी और तालाब के किनारे सीढ़ीयों पर खेल रही थी। इसी दौरान एक बच्ची का पैर फिसल गया और वह डूबने लगी। जिसे दूसरी बच्ची बचाने गयी और वह खुद डूब गयी। रास्ते से गुजर रहे स्थानीय ग्रामीण रुस्तम अंसारी, मुबारक अंसारी, शहबान अंसारी द्वारा एक बच्ची की जान बचा ली गयी। साथ ही तालाब में डूबी दूसरी बच्ची को खोज कर निकाला गया। परंतु तब तक बच्ची की जान चली गयी।

## दो बाइकों की टक्कर में एक घायल

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह-छिपादोहार मुख्य मार्ग के बहेरा टॉड गांव के पास बुधवार को दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर मे जिसमे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल उदित सिंह बरवाडीह के उकामाड का रहने वाला है। घायल उदित सिंह को भाजपा के जिला कार्यसमिति सदस्य दीपक तिवारी के द्वारा बरवाडीह हॉस्पिटल लाकर इलाज कराया। घायल उदित सिंह ने कहा कि वे अपने घर उकामाड से बहेराटॉड गांव स्थित वार्ड सदस्य पुनि देवी के घर जा रहा था। उसी दौरान एक बाइक ने हमारे बाइक मे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। दीपक तिवारी के सहयोग से मुझे हॉस्पिटल लाकर इलाज कराया गया। वही चिकित्सक डॉ जुबेर अहमद और ड्रेसर राजेश चंद्र उर्फ बबलू की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

# लोहरदगा की जनता को सेवक चाहिए : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के बक्शीडीपा स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में की गयी। इस बैठक में एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत की जीत सुनिश्चित करने के संदर्भ में चर्चा की गयी। आयोजित बैठक में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, भाजपा के प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, एनडीए उम्मीदवार नीरू शांति भगत, पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, राजकिशोर महतो, ब्रजबिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव विशेष रूप से मौजूद थे। मौके पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि इस बार झारखंड प्रदेश में एनडीए की सरकार बनेगी। क्योंकि वर्तमान सरकार ने हमेशा लोगों के बीच झूठ परोसने का काम किया है। विकास के बजाय केवल वर्तमान सरकार विपक्ष पर आरोप लगाने का काम किया। इन्होंने कहा की लोहरदगा की जनता अब परिवर्तन चाहती है। हमें एकजुट होकर एनडीए उम्मीदवार नीरू शांति भगत को लोहरदगा विधानसभा सीट से जीत दिलाना है। उन्होंने लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पर कटाछ करते हुए कहा कि वे न अच्छा विधायक बने और न बेहतर मंत्री बने। लोहरदगा के जनता अब ऐसे विधायक को सबक सिखाना चाहती है। कहा कि मुझे लाट साहब नहीं चाहिए, हमें सेवक चाहिए। उन्होंने कहा कि आज से हम अभियान शुरू कर रहे हैं। फल फूल के संबंध को और गाढ़ा बनाने की जरूरत है। भाजपा के प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा ने कहा की झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी और हम आजसू के साथ मिलकर विकास कार्य को प्राथमिकता के साथ करेंगे। वही एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने उपस्थित पार्टी कार्यकताओं से आशीर्वाद देकर विजय बनाने की अपील की। बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, पश्चिम बंगाल के पूर्व सांसद सह लोहरदगा विधानसभा के प्रवाशी दशरथ तिर्की, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजकिशोर महतो, ब्रजबिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद चंद्रशेखर प्रसाद आदि ने भी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथों से एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस तथा धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू ने की।

## महुआडांड़ थाना हाजत में बंद आरोपी ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआडांड।** लातेहार जिला के महुआडाड थाना के लॉकअप में बंद हत्या के आरोपी संजय कुमार यादव उम्र 28 वर्ष पिता पलटु गोप ने बुधवार को अहले सुबह लगभग 3:30 बजे अपने ट्राउजर के माध्यम से थाना हाजत के गेट में लटक कर आत्महत्या कर लिया। मृतक संजय कुमार यादव गुमला जिला के सिसई प्रखंड स्थित ग्राम असरो का रहने वाला था। मृतक वर्तमान में गुमला जिला अंर्तगत घाघरा में जेसीबी चलाने का कार्य करता था।

इस संबंध में महुआडांड थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि विगत रविवार को प्रेम प्रसंग में नेतरहाट थाना क्षेत्र स्थित सिरसी करमखांड़ के रहनेवाले संचिदर महत्तो की कुरो कला ग्राम में हत्या कर दी गयी थी। इसी हत्या के अनुसंधान में संजय कुमार यादव को आरोपी पाते हुए गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में पुलिस ने संजय यादव और लिव इन रीलेशन में रह रही रीमा यादव को सिसई थाना क्षेत्र के असरो पाहनटोली से गिरफ्तार कर लायी थी। मंगलवार की रात को दोनों आरोपियों को पुलिस ने दो अलग-अलग हाजत में बंद कर दिया, एक हाजत में अकेले बंद आरोपी संजय यादव ने लॉकअप के रॉड में अपने ट्राउजर का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। वहीं दंडाधिकारी और परिजनों की मौजूदगी में थाना में लगे सीसीटीवी की जांच की गयी, जिसमें युवक को सुबह के तीन और चार बजे के बीच फांसी लगाते हुए देखा गया।

**क्या कहते हैं मृतक के परिजन**

मृतक संजय कुमार यादव के चाचाजी जगेश्वर गोप ने बताया कि ये आत्महत्या नही है ये साजिश के तहत हत्या किया गया है। मंगलवार की शाम महुआडांड एवं सिसई थाना पुलिस के द्वारा ग्राम असरो स्थित उसके घर से मृतक संजय कुमार यादव एवं साथ रहने वाली एक लड़की को सिसई थाने में ले जाकर पूछताछ करने की बात कहकर घर से ले जाया गया। दूसरे दिन हम पति-पत्नी महुआडांड आये तो सर्वप्रथम तो हमे थाने के बाहर ही लगभग एक घंटा बैठा दिया गया। फिर बाद में डेडबॉडी दिखाया गया।

## युवती ने लगायी फांसी

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डुमरी गांव में मंगलवार को युवती अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया है। युवती की पहचान डुमरी गांव निवासी बंधना उरांव की पुत्री प्रमिला उरांव के रूप में हुई है। घटना की सूचना परिजनों ने भंडरा थाना पुलिस को दिया। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि मृतिका प्रमिला किसी से मोबाइल पर बात कर रही थी। इसी क्रम में उसकी फोन में बात करने के दौरान तू-तू मैं-मैं हुई और प्रमिला ने गुस्से में आकर आत्महत्या कर लिया है। भंडरा थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# मालगाड़ी का हुक टूटने से घंटों बाधित रही रेल पटरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** सीआइसी सेक्शन के बरवाडीह के छीपादोहार रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार की रात एक मालगाड़ी 23463/23810 दो हिस्सों में बंट गयी। जिसके चलते ढाई घंटे तक रेलवे का परिचालन बाधित रहा। इस दौरान कई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी रही। घटना मंगलवार की रात की एक लांग हॉल मालगाड़ी की है। मालगाड़ी छीपादोहर रेलवे स्टेशन से गुजरने के क्रम में दो हिस्सों में बंट गयी, जिससे काफी देर तक पूरा प्लेटफार्म क्षेत्र प्रभावित रहा। मालगाड़ी में 118 बोगियां थी। मालगाड़ी के दो हिस्सों में बंटने के बाद रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद बरवाडीह रेलवे स्टेशन से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मालगाड़ी के अधिकांश डिब्बे प्लेटफार्म से बाहर थे, जिस कारण लूप लाइन पर ट्रेनों का परिचालन करना संभव नहीं हो पा रहा था। घंटों मेहनत के बाद मालगाड़ी के बोगियों को वापस जोड़ा गया। इसके बाद रात 11 बजे के बाद ट्रेनों का परिचालन सामान्य हुआ। मालगाड़ी के दो हिस्सों में बंट जाने से रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस हेहेगड़ा स्टेशन, गरीब रथ एक्सप्रेस कुमंडी स्टेशन पर खड़ी रही। वहीं इस हादसे के कारण हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस, जम्मूतवी-टाटा एक्सप्रेस समेत अन्य सवारी ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोक दिया गया था।

# दीपावली आज, घर-घर होगी महालक्ष्मी की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में रोशनी का पर्व दीपोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस पर्व को हर घर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। घर-घर में मां महालक्ष्मी की पूजन अर्चन होगी। बीते कुछ दिनों से सभी घरों में साफ सफाई पुताई आदि से घर का कोना कोना साफ करके दीपावली मनाने की तैयारी कर ली है। रंगारंग छटा से घर और अंगना सराबोर हो चुके हैं। धनतेरस से घरों को सजाने के साथ रोशनी से जगमगा दिया गया था। धन की देवी लक्ष्मी की पूजन अर्चन के साथ आतिशबाजी की तैयारी की जा रही है। हर घर में दीपावली की तैयारी अंतिम चरण में है। बाजार में सभी दुकानें सजी हुई हैं। धनतेरस की तरह दूसरे दिन भी बाजार गुलजार रहा। एक बार फिर बाजारों में करोड़ों का कारोबार हुई। बाजार में रौनक छायी हुई है। पटाखा बाजार में भी जमकर ग्राहकी हो रही है। फर्नीचर सहित अन्य सामान दुकानें सजाने के साथ ही बाहर तक रखा हुआ था। दीपावली के अवसर पर घरों की रंगाई पुताई के बाद फूल फुलवार से लेकर घर के आंगन तक रंगोली सजाई जा रही है। हर तरफ रंग ही रंग नजर आ रहा है। पर्व को लेकर सभी लोगों में उत्साह उमंग और उल्लास बना हुआ है।

दीपावली को लेकर लोग अपने घरों के सामने रंगारंग आतिशबाजी करने लगे हैं। धनतेरस के दूसरे दिन फटाखा बाजार में फटाखों की खूब बिक्री हुई। दीपावली के अवसर पर शाम के समय फटाखों की रोशनी से भी घर आंगन और आसमान तक जगमगायेगा।

## एसएस पब्लिक स्कूल में बच्चों ने बनायी रंगोली




**लोहरदगा/ कैरो (आजाद सिपाही)।** एसएस पब्लिक स्कूल कुटुमू में बुधवार को दीप सज्जा, कक्षा सज्जा और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने मनमोहक रंगोली बनायी और दीपों को आकर्षक रूप से सजाया। स्कूल के प्राचार्य अमित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य हमारे देश की संस्कृति और परंपरा से बच्चों को जोड़े रखना है। रंगोली सज्जा प्रतियोगिता में वर्ग 6 से 10 में प्रथम कक्षा 10, द्वितीय कक्षा 6 और 8, तृतीय स्थान पर कक्षा 9 रहा। वर्ग 1 से 5 तक में प्रथम स्थान पर कक्षा 5, द्वितीय स्थान पर कक्षा 2 और तृतीय स्थान पर कक्षा 4 रहा। मौके पर विद्यालय की सचिव बिंदु तिवारी, शिक्षक मुकेश पांडे, शिक्षिका निक्की वर्मा, सरिता कुजूर, सादिया परवीन, खुशबू कुमारी, शाहजहां परवीन, जेबा परवीन, अमित इक्का, शिफा परवीन, मोनिका कुमारी, रिया कुमारी, नीलम, सोनमती आदि मौजूद थे।

## लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र से किसी अभ्यर्थी ने नाम वापस नहीं लिया : एसडीओ

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अमित कुमार, निवार्ची पदाधिकारी, 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा ने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापसी का बुधवार को अंतिम दिन रहा जिसमें किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नाम वापस नहीं लिया गया। निर्वाचन में अभ्यर्थी के रूप में शामिल होने के लिए कुल 18 लोगों ने नामांकन दाखिल किया था जिसमें एक अभ्यर्थी का नामांकन अधूरा भरे जाने के कारण स्क्रूटनी के पश्चात अस्वीकृत हो गया था। इस प्रकार अब अभ्यर्थी के रूप कुल 17 प्रत्याशी इस निर्वाचन में शामिल हो सकेंगे। उक्त जानकारी निवार्ची पदाधिकारी, 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र-सह-अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बुधवार को अनुमंडल कार्यालय, लोहरदगा में प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से दी गयी। अनुमण्डल पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी निर्वाचन की तिथि 13 नवंबर 2024 से 48 घंटे पूर्व तक अपना प्रचार-प्रसार लाउडस्पीकर के माध्यम से कर सकते हैं। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार अभ्यर्थी नहीं कर सकेंगे। सभी 17 अभ्यर्थियों के बीच आज चुनाव प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। इनमें राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के 03, रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के 06 और अन्य अभ्यर्थियों की संख्या 08 है।

**कोल्हान की खबरें**

# जमशेदपुर पश्चिम में सरयू राय का व्यापक जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा से एनडीके के उम्मीदवार सरयू राय ने बुधवार को व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत उन्होंने जुबिली पार्क से की। सुबह-सुबह वहां टहलने आने वालों से श्री राय मिले। उनका हाल-चाल लिया और उनके इलाके की परेशानियों के बारे में पूछा। यहां से निकल कर श्री राय मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल, साकची में आयोजित उत्तर प्रदेश संघ की बैठक में शामिल हुए। यूपी के रहने वाले लोग, जो जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा में रहते हैं, उनसे श्री राय ने आमने-सामने बैठ कर चर्चा की। संघ के लोगों ने उन्हें चुनाव में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। श्री राय ने उनसे कहा कि कोई भी मसला हो, वह मदद करने के लिए सदैव तैयार हैं।

## प्रत्याशी गणेश महाली के समर्थन में तीन निर्दलीयों ने नाम वापस लिया



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुधवार को नाम वापसी की अंतिम तिथि भी पूरी कर ली गयी। इसके साथ ही सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिये गये। सरायकेला खरसावां व ईचागढ़ विधानसभा सीटो में कुल 46 प्रत्याशी चुनावी मैदान में होंगे। इनमें सरायकेला विधानसभा सीट से 13 प्रत्याशी, खरसावां सीट से 10 प्रत्याशी और ईचागढ़ विधानसभा से कुल 23 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। नाम वापसी के अंतिम दिन सरायकेला विधानसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी गणेश महाली के समर्थन में तीन निर्दलीयों ने नाम वापस ले लिया। इनमें दुर्गा लाल मुर्मू ,सुमित्रा मार्डी व सत्यनारायण हेंब्रम शामिल है। डीसी सह जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर शुक्ल ने पत्रकारो को इसकी जानकारी दी। उधर सभी प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना दमखम दिखाने में जुट गये है।

# गोस्वामी को विजयी बनाइये, मिलकर करेंगे बहरगोड़ा का समग्र विकास : विद्युत बरण महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** सांसद विद्युत बरण महतो ने महिला सम्मलेन में कहा कि झामुमो की सरकार अपने पूरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार में डूबी रही। डम्पर में बालू चोरी करने वालों को पूरी छूट है और ट्रेक्टर वाले को पुलिस पकड़ कर केस करती है। सांसद ने कहा कि सरकार बनते ही गो गो दीदी योजना का पैसा 11 दिसंबर को अकाउंट में आ जायेगा। सम्मलेन में उजस्थित महिलाओं से गोस्वामी के पक्ष में वोट कर जीताने का आग्रह करते हुए एमपी विद्युत महतो ने कहा कि गोस्वामी विधायक बनेंगे तो हम और वे मिलकर बहरगोड़ा विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास करेंगे।

### विस क्षेत्र की तमाम लड़कियों का मामा हूं : डॉ दिनेशानंद

भाजपा प्रत्याशी दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि झामुमो की जन विरोधी सरकार का अंत 23 तारीख को हो जायेगा, क्योंकि परेशान जनता ने इस सरकार से छुटकारा पाने और भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। गोस्वामी ने कहा कि बहरगोड़ा विधानसभा क्षेत्र की गरीब परिवार की बेटियों की शादी धूमधाम करवाता हूं तो विरोधी दल वाले मेरा अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि तमाम बेटियों का मैं मामा हूं और भविष्य में और ज्यादा धूमधाम से गिफ्ट देकर उनकी शादी करवाऊंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, वह पूरा करते हैं गो गो दीदी योजना, 21 लाख मकान, हपांच सौ में गैस सिलेंडर, साल में दो सिलेंडर मुफ्त, हर घर नल जल योजना को समुचित ढंग से जमीन पर उतारेगी।

**मंच पर ये रहे मौजूद**

महिला सम्मलेन में मंच पर मुख्य रूप से राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, भाजपा जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव, पद्मश्री जमुना टुडू, विधानसभा प्रभारी नंदजी प्रसाद, राहुल सारंगी, काजल महाकुड़, कृष्णा पाल, ज्योत्स्ना मयी बेरा, भानुप्रिया नायक, श्रीवट्स घोष, जिप सदस्य भूपाती नायक, सुप्रिया सीट, बापटू साव, गौरव पुष्टि, राजकुमार कर, भक्ति श्री पांडा, रंजीत बाला, गौरी शंकर महतो, उत्पल पैड़ा आदि मौजूद थे।

# पूर्णिमा साहू ने चलाया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू का लोगों से मिलकर समर्थन व आशीर्वाद प्राप्त करने का सिलसिला जारी है। बुधवार को उन्होंने विधानसभा क्षेत्र विभिन्न इलाकों में जाकर लोगो से मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को सशक्त बनाने की अपील की। अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों का उपयोग करने केलिए आग्रह की। उन्होंने कहा कुम्हारों द्वारा बनाये गये मिट्टी के दीयों का उपयोग कर दीपावली को न केवल खास बनायें, बल्कि समाज के गरीब वर्गों के जीवन में भी उजियारा लायें। पूर्णिमा साहू ने बर्मामाइंस के शिवनगर, कंचन नगर, मनीफीट और इस्टप्लांट बस्ती में घर-घर जाकर लोगों से समर्थन हासिल किया।

## अर्पण परिवार ने 48 परिवारों के बीच उपहार और पूजन सामग्री का किया वितरण

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर में अर्पण परिवार प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी दीवाली व काली पूजा के अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच खुशियां बांटने का काम किया। बुधवार को अर्पण परिवार के द्वारा बोड़ाम प्रखंड के ब्रजपुर गांव में रहने वाले 48 परिवारों को विशेष उपहार व पूजन सामग्री उपलब्ध कराये। इस अवसर पर छोटे बच्चों के लिए नये कपड़े, गर्म कपड़े, पटाखे, मिठाई व अन्य उपहार प्रदान की गई। दीपावली के अवसर पर अर्पण परिवार का यह प्रयास सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ग्रामीणों के बीच खुशियां बांटने का एक छोटा सा प्रयास है। इस पहल के माध्यम से संस्था उन परिवारों को समर्थन देना चाहती हैं जो आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। ताकि त्योहार का आनंद सभी को मिल सके।


**प्रारूप -C1**

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **नीलकंठ सिंह मुण्डा, ग्राम-माहिल जामटोली, पो0 माहिल, थाना- मुरहू जिला - खूंटी**

राजनीतिक दल का नाम :- **भारतीय जनता पार्टी**

निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **60 खूंटी (अ.ज.जा)**

मैं **नीलकंठ सिंह मुण्डा** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधी का संक्षिप्त विवरण) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सार्थक शर्मा न्यायिक दण्डाधिकारी, राँची | लालपुर थाना कांड संख्या 203 / 24 दिनांक 23.08.2024 | लम्बित फाईनल फार्म हेतु | 191 (1) 190/ 115 (2) 117 (2)/109)/121(1)125 /132/324 (2) 351(2)252/61 (2) BNS - नाजायज मजमा लगाकर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जानलेवा हमला करना। |

B) दंडनीय अपराध के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम और आदेश आदेशों की तिथि | कार्यलय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड | |
|---|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख।

ह0
नीलकंट सिंह मुण्डा
भारतीय जनता पार्टी
विधानसभा 2024

# देवरागानी जंगल में छापेमारी, भाग निकला उग्रवादी दस्ता



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि झांगुर गुट के सुप्रीमो रामदेव उरांव एवं उसके दस्ता के सक्रिय सदस्य दशहत फैलाने के उद्देश्य से हाथियारों के साथ विशुनपुर थाना क्षेत्र के तेन्दार नवाटोली, भवरागनी, देवरागनी के आस-पास के क्षेत्र में घूम रहे हैं। इस आशय का जानकारी मिलते ही सूचना का सत्यापन एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु गुमला पुलिस, झारखंड जगुवार एवं एसएसबी, 32 बटालियन, गुमला के साथ संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान देवरागानी जंगल में पुलिस बलों को देख कर कुछ लोग भागने लगे। काफी प्रयास के बाद भी पुलिस बल के द्वारा भागने वाले लोगों को नहीं पकड़ा जा सका। इनकी गिरफ्तारी हेतु गुमला पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है। छापामारी के क्रम में देवरागनी जंगल से नक्सलियों द्वारा दैनिक उपयोग में लाये जाने वाले सामग्री यथा कंबल, तिरपाल एवं अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है। गुमला पुलिस नक्सली संगठनों से अपील करती है कि झारखंड सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण एवं पुर्नवास नीति का लाभ उठाते हुए समाज के मुख्य धारा में शामिल हो। गुमला जिला को नक्सल एवं अपराध मुक्त करने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## बीडीओ ने इमानदारी पूर्वक चुनाव में सहयोग करने की दिलायी शपथ



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जलसहिया, डीलर और पंचायत कर्मी के साथ बैठक किया। बैठक में आगामी 13 नवंबर को बूथ केंद्रो में पहुंच कर बीएलओ कर्मी का सहयोग करें। मतदान केंद्र में मतदाता कतारबद्ध तरीके से मतदान केंद्र में जाने की बात कहें। इसके साथ ही दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में सहयोग करें। वही सभी जलसहिया और कर्मी को ईमानदारी पूर्वक चुनाव में सहयोग करने की शपथ भी दिलाया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि आप सभी कर्मी ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और मतदान में सहयोगी बने। इसके साथ ही मतदान शत प्रतिशत हो उसके लिए गांव-गांव में लोगों को जागरूक करें। मौके पर बीपीआरओ शंकर खेरवार, ज्योति लाल महतो, निमाज खान सहित कई जलसहिया, डीलर और पंचायत कर्मी उपस्थित थे।

## भाजपा नगर मंडल कार्यालय का उद्घाटन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला में भाजपा नगर मंडल कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को शहर के जशपुर रोड में किया गया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने गुमला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत को भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया। वहीं, कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने का अपील की गयी। मौके पर मुख्य रूप से जनसंघ के जानेमाने पुराने कार्यकर्ता भगवान साबु, अजय विश्वकर्मा, बद्री कुमार गुलशन निर्मल गोयल, नगर मंडल अध्यक्ष बबलू वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में शशि प्रिय बंटी, गायत्री शर्मा, यशवंत सिंह, दिनेश अग्रवाल, राजेश सिंह, अनमोल गुप्ता, डॉक्टर अनुपम कुमारी, सोनी देवी, ललिता देवी, किरण कुमारी, पायल तिवारी, राजेश्वरी देवी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुमला से चार, सिसई से तीन और बिशुनपुर विस क्षेत्र से एक प्रत्याशी ने नाम वापस लिया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** विधान सभा क्षेत्र से कुल 19 अभ्यर्थियों में 15 अभ्यर्थी ही अब मैदान में बचे हैं। बुधवार को नाम वापसी के अंतिम दिन तक कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिया। गुमला विधान सभा से नाम वापस लेने वालों में सीताराम उरांव, अमित एक्का, लेवनार्ड मिंज, और मरियानुस तिग्गा के नाम शामिल हैं। इसके अतरिक्त झामूमो के भूषण तिर्की को तीर धनुष छाप, भाजपा के सुदर्शन भगत को कमल फूल छाप, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के कुलदीप मिंज को फल भरी टोकरी छाप, झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से निशा कुमारी भगत को कैंची छाप, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया (ए) से मंगल इंदवार को बल्ला छाप चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। वहीं निर्दलीय उम्मीदवारों में चंदर टोप्पो को इयकंडीशन छाप, चापा उरांव को टार्च छाप, धरना मुंडा को फूलगोभी छाप, विनय भूषण टोप्पो को खटिया छाप, सुधि राम किसान को आदमी व पाल युक्त नौका छाप, प्रदीप उरांव को गैस चूल्हा छाप, बोनिफस कुजूर गुब्बारा छाप,, महेश्वर बैगा को डीजल पंप छाप, मिसिर कुजूर को बक्सा छाप, रोज मधु तिर्की को बाल्टी छाप चुनाव चिन्ह दिया गया है। इस प्रकार चुनावी मैदान में कुल 15 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। अब सभी प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार करते देखा जायेगा।

**सिसई विधानसभा क्षेत्र से रौशन बरवा सहित तीन लोगों ने मैदान छोड़ा**

चुनावी प्रक्रिया में नाम वापसी के बाद सिसई विधानसभा क्षेत्र से कुल 18 प्रत्याशियों में तीन ने नाम वापस ले लिया है। अब इस विस क्षेत्र में मात्र 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। नाम वापस लेने वालों में भैरव सिंह, रोशन बरवा, और जोहन एक्का के नाम शामिल हैं। इस प्रकार सिसई विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में भाजपा से डॉ. अरूण उरांव, झामुमो से जीगा सुसारन होरो, बहुज्न समाज पार्टी से बंदे कुमार तिर्की, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से मदुआ कच्छप, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया से चंद्र किशोर उरांव, झापा से डेविड सुनील कुमार मिंज, भागीदारी पार्टी श्याम सुंदर बड़ाइक, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से सुशील टोपनो, निर्दलियों में अरविंद कुजूर, जेंगा उरांव, राजेश लिंडा, रेमोन बा, लोहार माइन उरांव, संजय बारला, सुजीत टेटे के नाम अभी तक चुनावी मैदान में हैं।

**बिशुनपुर विस क्षेत्र से एक ने की नाम वापसी**

बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार राम प्रसाद बड़ाईक ने अपना नाम वापस ले लिया है। अब मैदान में झामुमो के प्रत्याशी चमरा लिंडा, भाजपा से समीर उरांव, झारखंड पिपुल्स पार्टी से गोवर्धन बड़ाइक, भारत आदिवासी पार्टी से भूषण चिक बड़ाइक, कम्युनिस्ट पार्टी से महेंद्र उरांव, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से यशोदा देवी, लोकहित अधिकार पार्टी संजय कुमार भगत अभी चुनावी मैदान में हैं। वहीं निर्दलीय उम्मीदवारों में जगन्नाथ उरांव, नारायण उरांव, बुद्धिमान उरांव, भूपेंद्र नाथ राम, रोजलीन तिर्की, शिव कुमार भगत उमीदवार है।

# दुकान से दो लड़कों ने दो हजार रुपये की ठगी की

सुधाकर कुमार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला में लोगों से ठगी करने के मामले अक्सर आते रहते हैं। लेकिन इस बार फ्रॉड करने वालों ने ठगी का नया तरीका ढूंढ निकाला है। वे लोगों के दुकानों में जाकर ठगी कर रहे हैं। अपने नशे की लत और जरूरतों को पूरा करने के लिए नये-नये हथकंडे भी अपना रहे हैं। ताजा मामला गुमला शहर से सटे भलदम चट्टी सोसो मोड़ स्थित दूधेश्वरी धाम के निकट एक किराना दुकान का है। जहां मंगलवार की अपराह्न दो लड़कों ने दो बोरा चावल जिसकी कीमत करीब 2020 रुपये है की ठगी कर ली है। मामले का सीसी टीवी फुटेज बुधवार की अपराह्न 3 बजे सामने आया है जो वायरल भी हो रहा है। जिसमें दो लड़के स्कूटी से किराना दुकान पहुंचते हैं इसके बाद दो बोरा चावल की मांग करते हैं। दुकान में महिला दुकानदार है जिससे दो बोरा चावल की खरीददारी दोनों लड़कों द्वारा की जाती है। इसके बाद चावल को स्कूटी में लादा जाता है। दोनों लड़के वापस दुकान आते हैं और महिला द्वारा बताया गया चावल के मूल्य 2020 रुपये का ट्रांजेक्शन लड़के मोबाइल से गूगल पे करता है और महिला दुकानदार को मोबाइल दिखाता है और कहता है कि पेमेंट हो गया। जिसके बाद दोनों स्कूटी स्टार्ट कर वहां से निकल जाते हैं। दुकानदार महिला मोबाइल चेक करती है लेकिन उसमें ट्रांजैक्शन नहीं दिखता है। इसके बाद महिला अपने बेटे को फोन लगाती है बेटा दुकान आता है और मोबाइल चेक करता है जिसके बाद उन लोगों को ठगी का एहसास होता है।

## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू चापी मुख्य पथ थाना क्षेत्र के चटकपुर मोड़ के समीप दो बाइक सवारों के बीच आमने - सामने भिड़ंत में बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गयी। अन्य दो घायल हैं। मृतक की पहचान बड़की चापी पंचायत अंतर्गत कुंडगढ़ा गांव निवासी लाल अभिजीत नाथ शाहदेव 22 वर्ष पिता राजेश्वर नाथ शाहदेव के रूप में हुई है। जबकि घायलों थाना क्षेत्र के कुंडगढ़ा निवासी आकाश उरांव 19 वर्ष पिता मंगरा उरांव एवं सुंदरू पंचायत अंतर्गत विश्रामगढ़ निवासी लक्ष्मु उरांव 25 वर्ष पिता कोलिया उरांव शामिल हैं।

# दीपावली पर डीएवी में प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** दीपावली के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने सभी को दीपपर्व की बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के जीवन में ज्ञान, विवेक और समृद्धि आये। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत छठ गीत ने पूरा परिसर भक्तिमय कर दिया। दीपावली के अवसर पर आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। 'एक दीया सजायें' प्रतियोगिता में नर्सरी में उज्ज्वल कुमार सिंह, निवांशी डे, शिवम नवीन, कक्षा एलकेजी में पार्थ, अनुराग, वर्तिका। कक्षा यूकेजी ए में सूर्यांश कुमार सोनी, समीशा अग्रवाल, आरव कुमार साहू, यूकेजी बी में जिया कुमारी, सोनम लकड़ा, शाज्या तहसीन ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में पेपर लैंप निर्माण प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, दीया सजावट प्रतियोगिता, पॉट सजावट प्रतियोगिता, रंगोली बनाओ प्रतियोगिता और गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी वर्ग के छात्रें ने भाग लिया।

# विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। इस दौरान चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल, विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल, सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी, गोपाल साहू पब्लिक स्कूल, विवेकानंद पब्लिक स्कूल आदर, मोंटेसरी पैराडाइज स्कूल सहित के विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों के द्वारा आकर्षक रंगोली बनायी गयी। बेहतर रंगोली बनाने वाले टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। चिल्ड्रेन एकेडमी के निर्देशक विजय साहू ने कहा बच्चों का मन कोमल मिट्टी की तरह होता है। उसे जैसा भी ढ़ालना चाहे वह ढल जायेंगे। इसी बात को ध्यान में रखकर समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिससे बच्चे अपने जीवन को सही मार्ग पर ले जा सके। सभी क्लास के बच्चों ने सुंदर और प्रेरणादायक रंगोली बनाया। इस मौके पर मुख्य रूप से भवानी प्रसाद राय, चंद्रकांत पाठक, विजय साहू, संजय भगत, राजेश महतो, नीरज साहू ने भी दीपावली पर बच्चों को जानकारी दिया।

## डीलर, जलसहिया और कृषक मित्र को मिला प्रशिक्षण



**भरनो (आजाद सिपाही)।** आगामी विधानसभा चुनाव में वोटिंग परसेंटेज को बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखंड भरनो के सभागार में राशन डीलर, जलसहिया एवं कृषक मित्र के बीच प्रशिक्षण सह स्वीप सामग्री का वितरण किया गया। सभी लोगों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार करते हुए पोस्टर को चिपकायेंगे, मतदाता मार्गदर्शक्त को बाटेंगे तथा मतदाता शपथ करायेंगे। साथ ही साथ सभी मतदाता को 13 नवंबर 2024 के सुबह 7 :00 बजे से शाम 5 :00 बजे तक अपना वोट देने के लिए अपने मतदान केंद्र में अवश्य जायेंगे। अंत में सभी को मतदाता शपथ कराया गया। प्रशिक्षण स्वीप नोडल पदाधिकारी सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार सहित सभी राशन डीलर, जलसहिया एवं कृषक मित्र उपस्थित थे।

## सीओ और बीडीओ ने की चुनावी बैठक



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को बीडीओ जोसेफ कंडुलना और सीओ सुप्रिया एक्का ने संयुक्त रूप से प्रखंड के बीएलओ, पीडीएस डीलर और जलसहिया के साथ चुनावी बैठक आयोजित किया। बैठक में बीडीओ श्री कंडुलना ने विधान सभा चुनाव में सहयोग कर महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही गांव स्तर पर मतदाताओं को प्रेरित कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की बात कही।सीओ सुप्रिया एक्का ने कहा की बुथों की अच्छे तरह से साफ-सफाई, पोलिंग पार्टी को सहयोग करने और मतदान के दिन शत-प्रतिशत मतदाताओं को वोटिंग कराने में सभी बीएलओ, पीडीएस डीलर और जलसहिया इमानदारी के साथ कार्य करेंगे।यदि किसी मतदाता के पास पहचान पत्र न हो तो उसे आधार कार्ड, पैन कार्ड समेत आवश्यक किसी भी जरूरी दस्तावेज से वोट दे सकेंगे। मतदाता स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चुनावी पोस्टर भी बांटे गये। मौके पर प्रखंड के बीएलओ,राशन डीलर और जलसहिया मौजूद थे।

## Format C-2

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
Name of the Election: **JHARKHAND STATE ASSEMBLY- 2024**
Name of the State/UT: **JHARKHAND**

I **Ramdas Soren** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| 1 | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Stats of the Case (S) | Sections of The Acts Concerned & Brief Description of offence (S) | Name of Court & Dates (S) of Order (s) | Description of Offence (S) & Punishment Imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 45- Ghatsila (ST | Ramdash Soren | Court of J.M 1st Class Jamshepur | 147/353/504/506/290/291/283 of IPC The case is relating to show black flag to Prime Minister of India Mr. Narendra Modi hence the FIR | NA | NA | NA |
| 2 | 45- Ghatsila (ST) | Ramdas Soren | Court of Supriya Rani Tigga, J.M. cum Special I Court MP/MLA at Chaibasa | 171/188/34 of IPC The case is relating violation of model code of conduct | NA | NA | NA |

* In the case of election to Council of States or election of Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/-
RAMDASH SOREN
JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)
JHARKHAND

# बैजनाथ जालान कॉलेज में महिला कबड्डी टीम का स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई की महिला कबड्डी विजेता बनकर महाविद्यालय पहुंचने पर शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने टीम का स्वागत किया। रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता मे बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई की टीम लगातार तीन बार से विजेता रही है। रांची महिला कांलेज रांची मे आयोजित तीन दिवसीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई की टीम मारवाड़ी कांलेज रांची को हरा कर विजेता रही। विजेता टीम मे सुशांति कुमारी, सलोनी कुमारी, पीला उरांव, काजल कुमारी, वीणा उरांव, विनीत कुमारी, करिश्मा कुमारी, मनिषा उरांव, शिवानी कुमारी, नीलम कुमारी, किरण कुमारी, सुकरी कुमारी, खेल प्रभारी डॉ अरुण कुमार दास, कोच निरंजन तिर्की महाविद्यालय पहुंचे जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ फूलमाला पहनाकर सभी का स्वागत किया गया। इस दौरान प्राचार्य प्रो लक्ष्मण साहु ने कहा महाविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि है महिला कबड्डी प्रतियोगिता मे हमारे टीम लगातार विजेता होती रही है, जो गर्व की बात है। पढ़ाई के साथ खेल में हमारे छात्र-छात्राएं हमेशा अव्वल रहे हैं। महाविद्यालय मे खेल को आगे बढ़ाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। ताकि महाविद्यालय की टीम हर खेल मे आगे बढ़े। उन्होने विजेता टीम को बधाई के साथ शुभकामनाएं दी।

## प्रारूप C-2

**पार्टी द्वारा खड़े दिए गए अभ्यर्थीयों के आपराधिक पूर्वकृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

नाम :- **मनोज कुमार चन्द्रा**
राजनीतिक दल का नाम :- **झारखण्ड मुक्ति मोर्चा**
निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **26, सिमरिया (अ.जा.)**
राज्य का नाम : **झारखण्ड**

| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (A) लंबित अपराधिक प्रकरण | | (B) दंडनिय अपराध का दोषसिद्ध प्रकरणों के सम्बंध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, प्रकरण संख्या एव प्रकरण (नो) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों के अनुभाग और अपराध (ओं) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम और आदेशों की तिथि (यॉ) | अपराध (ओ) का विवरण और लगाया गया दंड | अधिकतम लगाया गया दंड |
| 1. | 26-सिमरिया विधानसभा (अ.जा.) | मनोज कुमार चन्द्रा | एस०डी० जे०एम०. कोर्ट, हजारीबाग, G.R. मामला सं०- 1822/2024 धारा 313 सी० आर० पी० सी० के तहत बयान | आई०पी०सी०- 143/144/145/147/ 148/149/152/341/ 323/353/427/283/ 188/337 | सी० जे०एम० कोर्ट, चतरा, G.R. मामला सं०- 885/2016 मामला निपटाया गया (25.04.2022) | N.A | N.A |
| 2. | 26-सिमरिया विधानसभा (अ.जा.) | मनोज कुमार चन्द्रा | सी० जे०एम०. कोर्ट, हजारीबाग, त्वजमेज. मामला सं०- 1387/2019 आरोप से पहले सबूत | आई०पी०सी०- 149/323/365/362/ 354/386/120 (B) | N.A | N.A | N.A |
| 3. | 26-सिमरिया विधानसभा (अ.जा.) | मनोज कुमार चन्द्रा | एस० डी० जे०एम०. कोर्ट, हजारीबाग, G.R. मामला सं०- 1809/2024 हाजिरी | आई०पी०सी०- 143/144/145/147/ 148/188/283/341/ 323/353 | N.A | N.A | N.A |

ह0
**मनोज कुमार चन्द्र**
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
विधानसभा 2024

## हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में 18 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। विधानसभा चुनाव को लेकर हुसैनाबाद एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी कृष्ण कांत कनवड़िया ने बताया कि प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। जिसमें अमरजीत कुमार को पेट्रोल पंप, अशोक कुमार मेहता को गैस चूल्हा, अवधेश सिंह को आलमारी, बबलू कुमार को छड़ी, गौतम कुमार को ऑटो रिक्शा, कमलेश सिंह को कमल का फूल, कमलेश कुमार यादव को साइकिल, कुशवाहा शिवपूजन मेहता को हाथी, मनोज मेहता को सेव, मुकेश चौधरी को दूरबीन, नरेश कुमार पासवान को चारपाई, ओम प्रकाश कुमार को बाल्टी, प्रभा देवी को केतली, राजेन्द्र यादव को ट्रक, संजय सिंह को डीजल पंप, संजय कुमार सिंह यादव को लालटेन, उमाशंकर शर्मा को डोली व विनोद कुमार सिंह को अंगूठी चुनाव चिन्ह दिया गया। उन्होंने बताया कि इस विधानसभा क्षेत्र से कुल 18 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## 320 ग्राम गांजा के साथ किशोर गिरफ्तार

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। गांजा तस्करी के आरोप में कौवाखोह निवासी शक्ति कुमार (19) को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि 320 ग्राम गांजा के साथ कौवाखोह से शक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उस पर हरिहरगंज थाना कांड संख्या 150/24 में 29 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज हुआ था।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष को पितृ शोक



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। जामुमो के हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह के पिता मिथिलेश कुमार सिंह (75) का हृदयगति रुक जाने से कुशडीह तेंदुआ स्थित उनके पैतृक आवास पर मंगलवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम दाह संस्कार बनारस हिंदु धर्म के रितिरिवाज से किया गया। वहीं पिता के निधन से गम में डूबे झामुमो नेता और शोकाकुल परिवारों के प्रति ग्रामीणों सहित कई लोगों ने शोक जताया है। इसमें संजय कुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह। उनके भाई प्रोफेसर अरविंद सिंह, मितुंजय सिंह, विराज सिंह आदि का शामिल है।

## 225 किलो जावा महुआ व 40 लीटर शराब नष्ट

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर सलैया और ढकचा पंचायत क्षेत्र में बुधवार को पत्थरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के नितृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध विभिन्न गांवों में छापामारी की गयी। इस दौरान ग्राम ढकचा, मझिगंवा और बिचली टांड़ से 225 किलोग्राम जावा महुआ और 40 लीटर अवैध निर्मित महुआ शराब बरामद हुआ। इसकी जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि छापामारी में बरामद जावा महुआ और शराब को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया है। बरामद 225 किलोग्राम जावा महुआ और 40 लीटर शराब की कीमत करीब 20 हजार रुपए बतायी जा रही है। वहीं अज्ञात अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध थाना कांड संख्या 21/24 दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।










# विश्रामपुर-मझिआंव विस को पूर्ण विकसित करना ही लक्ष्य: रामचंद्र

## भाजपा प्रत्याशी ने क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क, मांगा समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाते भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी।

**विश्रामपुर/पलामू।** निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्यासी रामचंद्र चंद्रवंशी ने बुधवार को विश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और विकास के नाम पर लोगों से समर्थन मांगा। कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम किया। जिसका प्रतिफल है कि आज क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। अब विश्रामपुर को पूर्ण विकसित करना ही मेरा लक्ष्य है। हमारा प्रयास है कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र झारखंड का सबसे विकसित क्षेत्र के रूप में स्थापित हो। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां लोगों के समक्ष रखी और अपने कार्यकाल में कराए गए उल्लेखनीय कार्यों के बारे में भी बताया। मौके पर भाजपा नेता टिकैत चौबे, डॉ वीपी शुक्ला, शिवबंश मिश्रामुखिया धर्मेंद्र चौधरी, अमरेश तिवारी, उपेंद्र तिवारी, धीरन तिवारी, संजय तिवारी, विकास चौबे, मनोज शुक्ला, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे आदि मौजूद थे।

# पटाखे जलाकर जीवन में जहर घोलने की बजाय दीप जलाकर घरों को रौशन करें : डॉ कौशल

- पर्यावरणविद ने बच्चे के नामकरण पर परिजनों को भेंट किया पौधा
- कहा- घर में परिवार की संख्या बढ़े तो उसे स्वस्थ रहने के लिए वृक्षों की संख्या भी बढ़ानी चाहिए
- वनाराखी मूवमेंट का 48 वर्ष पूरा होने पर दो माह से चल रहे वृक्षों पर रक्षाबंधन अभियान का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत अंतर्गत कौशल नगर बाजार प्रांगण में वृक्षों पर रक्षाबंधन अभियान का समापन बुधवार को दीपोत्सव के साथ किया गया। वहीं जमशेदपुर के बाबूनहातुन के ओम प्रकाश सिंह के पोता और धनंजय कुमार के पुत्र का नामकरण महोत्सव पर पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने बच्चे को आशीर्वाद के रूप में हिमाचल का कपूर का पौधा देकर शुभकामनाएं दी। डॉ कौशल ने दीपावली पर देशवासियों को शुभकामना देते हुए पर्यावरण बचाने का संकल्प लेने का अनुरोध किया। छतरपुर के डाली बाजार में आयोजित कार्यक्रम में वनरखी मूवमेंट के 48 वर्ष पूरा होने पर दो माह से चल रहे वृक्षों पर रक्षाबंधन और निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अजरबैजान के बाकू में किया गया था। वहां डॉ कौशल को अचीवर अवार्ड व थाईलैंड के राजधानी बैंकॉक इंटरनेशनल सेमिनार में उप प्रधानमंत्री कॉर्न् देमोरेंसी ने उन्हें भारत के गौरव अवाड्स से सम्मानित किया था। इस अभियान के दौरान बिहार के गया और पुनपुन, पलामू में पिपरा थाना, करमा मीडिल स्कूल, सहरसवा, चिरु, सुंगरी, लेस्लीगंज, ताली में वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया था। उधर, डॉ कौशल ने देश में बढ़ती प्रदूषण की आग को देखते हुए दीपावली सादगी से मनाने की अपील की। कहा दीपावली प्रकाश का त्योहार है ना कि पटाखा फोड़कर वातावरण को प्रदूषित करने का। मौके पर ओम प्रकाश सिंह, लीला देवी, माधुरी देवी, शीला देवी, ललन प्रसाद, नवीन कुमार, चंचला देवी, रविंद्र कुमार, सत्येंद्र सिंह छतरपुर पूर्वी से जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल, धनंजय कुमार, धनिया कुमारी, मोनू कुमार, अरुण कुमार जायसवाल, सुचित कुमार, उप मुखिया अफजाल अंसारी विनोद यादव समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# साइकिल लेकर जा रहे ट्रैक्टर को रोक कर हंगामा, अधिकारियों ने समझा कर शांत कराया

## आचार संहिता उल्लंघन का दिया हवाला

भाजपा का आरोप : दबंगई दिखा रहे एक प्रत्याशी



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** कल्याण विभाग की ओर से स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच वितरित किए जाने वाला साइकिल बुधवार को एक ट्रैक्टर से सरकारी स्कूल ले जाया जा रहा था। जिसे झारखंड युवा विकास पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कमता गांव के पास रोककर हंगामा कर दिया। उनका आरोप था कि एक प्रत्यासी का चुनाव चिन्ह साइकल है। इसलिए अभी इसका वितरण आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। झारखंड युवा विकास पार्टी के कार्यकर्ताओं की मांग थी कि प्रखंड के पदाधिकारियों पर आचार संहिता का मामला दर्ज हो। उन लोगों ने इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों से भी की। जानकारी के अनुसार कल्याण विभाग द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण करने के लि एप्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराया गया था। जिसे वर्तमान में विश्रामपुर मध्य विद्यालय परिसर में रखा गया था। जहां मतदान केंद्र भी स्थापित है। पिछले दिनों पलामू आयुक्त ने इस स्कूल में स्थापित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया था। मतदान के दौरान मतदाताओं को कोई परेशानी ना हो इसके लिए सभी साइकल को विद्यालयवार भेजवा देने का निर्देश बीडीओ को दिया था। आयुक्त के इसी आदेश के आलोक में बीडीओ विद्यालयों में आज साइकल भेजवा रहे थे। जिसे रोकर हंगामा किया गया। बीडीओ राजीव सिंह ने बताया कि विश्रामपुर मध्य विद्यालय परिसर में मतदान केंद्र संख्या 193, 194 व 195 अवस्थित है। जहां कई विद्यालयों को आवंटित 1033 साईकिल रखा हुआ था। मतदान केंद्र को खाली कराने के उद्देश्य से सभी साइकल को विद्यालयों में भेजा जा रहा है। उधर, मामले की सूचना मिलते ही प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विशाल कुमार प्रखंड के अन्य कर्मियों के साथ कमता गांव पहुंच और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। इधर, भाजपा नेताओं ने इस पूरे मामले को दबंगई करार देते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने वाला बताया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने कहा कि जिस प्रत्यासी के कार्यकर्ताओं ने यह हंगामा किया है, उनकी पृष्ठभूमि जगजाहिर है। उन लोगों ने अपना चरित्र उजागर किया है। साइकल रोककर हंगामा करने वालों पर सरकारी काम में बाधा डालने और अराजकता फैलाने का मामला दर्ज करने का मांग जिला प्रशासन से किया है।

## विभिन्न विस क्षेत्र से प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया

मेदिननगर (आजाद सिपाही)। पलामू जिले के विभिन्न विधानसभा सीटों पर बुधवार को कई उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस ले लिया। इसमें पांकी विस से विश्वनाथ साव व अविनाश रंजन, डालटनगंज से अभय कुमार सिंह, विश्रामपुर से अजय दुबे, रजनी देवी व नंददेव यादव, हुसैनाबाद विधानसभा सीट से सुभद्रा कुमारी और बाबर अंसारी शामिल हैं।




## हुसैनाबाद के विद्यालयों में दीपोत्सव की धूम

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)** गैरसरकारी विद्यालय में दीपावली महोत्सव की धूम रही। इस दौरान आरपीएस पब्लिक स्कूल, बुन पब्लिक स्कूल, समता स्कूल, मां बाल विकास, डिवाइन पब्लिक स्कूल, बेबी वर्ल्ड स्कूल, शिशु वाटिका प्ले स्कूल, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, सतीश राज पब्लिक स्कूल, सर्वोदय पब्लिक स्कूल, दक्ष पब्लिक स्कूल, सेस स्कूल, किड्स जोन पब्लिक स्कूल, ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल आदि अन्य विद्यालयों में रंगोली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को दीपावली की बधाई दी। कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपने अभिनव एवं कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्योहार हमें अपने जीवन में सादगी, धैर्य और ज्ञान धारण करने की प्रेरणास्त्रोत है। सभी को रौशनी के इस त्योहार को मिलजुल कर शांति से मनाना चाहिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनुज शर्मा, तपेन्द्र सिंह, अक्षय कुमार चौहान, रवि कुमार गुप्ता, सतीश कुमार, कौशल किशोर, मो इम्तेयाज, शशिकेष कश्यप, निरंजन प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, मनोज प्रजापति, कामरान खान और धर्मेंद्र तिवारी आदि मौजूद थे।

## क्षेत्र एवं राज्य की तरक्की डबल इंजन की सरकार में ही संभव: कमलेश सिंह



भाजपा नेता कमलेश सिंह ने किया दर्जनों गांव का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह ने बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड के दर्जनों गांव बाजारी बुधवा, बुधवा, उदित बिगहा, लपेया, सड़या, भदई पर, नौडीहा, काजीनगर, बिलासपुर, बनाही आदि का दौरा कर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास पर विश्वास करती है। क्षेत्र व राज्य का विकास डबल इंजन की सरकार से ही संभव होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी जी को मजबूत करने के लिए झारखंड में डबल इंजन की सरकार जरूरी है। डबल इंजन की सरकार में विकास के कार्य और तेज गति से होंगे। कहा कि सड़क, शिक्षा, सिंचाई, बिजली, स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। आगे और कार्य किए जाएंगे। कहा कि जपला को जिला बनाने के साथ ही अन्य कार्य खुद ब खुद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला तो बचे हुए कार्यों को पूरा करने का काम करेंगे। उन्होंने आम लोगों से भाजपा प्रत्याशी वोट देकर जीताने की अपील की. मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## साप्ताहिक बाजार में चला मतदाता जागरूकता अभियान

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन के निर्देश पर विश्रामपुर नगर परिषद की ओर से पंचमुखी मंदिर परिसर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों और दुकानदारों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत ने बाजार में आए लोगों व दुकानदारों से 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की। कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में सबको अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। लोकतंत्र में मतदान ही आमलोगों की ताकत है। बताया कि सभी बूथों पर प्रशासन द्वारा आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं, सिटी मैनेजर प्रभात कुमार ने लोगों को मतदाता शपथ दिलाया। इस दौरान लोगों के बीच मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। मौके पर जेई आशीष पांडेय, आनंद कुमार, प्रवीण कुमार, संदीप मौर्य, कमलेश चौधरी, दीपक सिंह, एसएलआई सुधीर पाण्डेय, रमेश कुमार, दीपक कुमार, राजेश कुमार, मुबारक अंसारी, रवि कुमार और अमित कुमार आदि मौजूद थे।









## चिरकुंडा चेकपोस्ट पर वाहन से 86 हजार नकद बरामद

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस है। पश्चिम बंगाल से लगी झारखंड की अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित चिरकुंडा चेकपोस्ट पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसी कड़ी में चेकपोस्ट पर मंगलवार की रात वाहनों की जांच के दौरान एक वाहन से पुलिस ने 86 हजार रुपए नकद बरामद किया। चेकनाका पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी वीरेंद्र अटल ने बताया कि कार सवार मो कासिम आसनसोल से चिरकुंडा में तालडांगा में रहने वाले अपने दोस्त के पास जा रहा था। मो कासिम मूलतः गिरिडीह जिले का रहने वाला है। उससे पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के कारण नकद रुपयों को जब्त कर लिया गया है।

### विस चुनाव के मद्देनजर चास मंडलकारा व तेनुघाट उपकारा में छापामारी

# तेनुघाट उपकारा में तलाशी के दौरान कैदी के पास मिला चाकू

- एसपी की अगुवाई में चास मंडलकारा एवं बेरमो एसडीओ के नेतृत्व में तेनुघाट उपकारा में ली गई सभी कैदियों की तलाशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** डीसी विजया जाधव के निर्देश पर एसपी मनोज स्वर्गियारी के नेतृत्व में चास मंडलकारा में बुदवार को औचक छापामारीकी गयी। टीम में एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, एसडीपीओ प्रवीण कुमार के अलावा पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। वहीं, तेनुघाट उपकारा में छापामारी का नेतृत्व बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी एसडीओ मुकेश



चार मंडल कारा व तेनुघाट उपकारा में छापामारी करने पहुंची एसपी की टीम।

मछुआ ने किया। छापामारी टीम में बेरमो एसडीपीओ वीएन सिंह सहित अन्य अदिकारी भी शामिल थे। चास मंडलकारा में बुधवार की सुबह एसपी, एसडीओ और एसडीपीओ ने मंडलकारा के विभिन्न वार्ड/सभी कैदियों की सघन तलाशी ली। हालांकि इस दौरान कोई संदिग्ध चीज बरामद नहीं हुई। बतातें चलें कि विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। दूसरी ओर, तेनुघाट उपकारा में भी बेरमो एसडीओ की अगुवाई में औचक छापामारी की गयी। उपकारा के विभिन्न वार्ड/सभी कैदियों की तलाशी ली गयी। इस क्रम में एक कैदी के पास से चाकू बरामद हुआ। जिसके विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर पदाधिकारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंडलकारा-उपकारा में छापामारी की गई। वैसे नियमित रूप से जेल की जांच होती है, लेकिन विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन विशेष सतर्क है। जिला प्रशासन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर प्रतिबद्ध है।

# डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है झारखंड का विकास : डॉ लंबोदर महतो

### लंबोदर महतो के समर्थन में झामुमो छोड़ आजसू से जुड़ रहे लोग

पतकी व बगजोबरा के दर्जनों लोगों ने थामा आजसू का दामन

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) छोड़ कर आजसू में शामिल होने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में बुधवार को पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पतकी व बगजोबरा के दर्जनों लोगों ने मिलन समारोह में संजय रजवार व अरूण तुरी की अगुवाई में झामुमो छोड़ कर आजसू का दामन थाम लिया। मिलन समारोह में आयें लोगों ने कहा कि हम सभी डॉ लंबोदर महतो के साफ, स्वच्छ, आकर्षक व्यक्तित्व व उनकी प्रभावकारी कार्यशैली के साथ ही जनता से जुड़ाव के कारण आजसू में शामिल हुए हैं। इससे जहां पार्टी सशक्त होगी वहीं डॉ लंबोदर महतो को बड़ी संख्या में लोगों का समर्थन प्राप्त हो सकेगा। पार्टी में शामिल होने वालों में चंदन कुमार तुरी, कुंदन तुरी, दीपक तुरी, कार्तिक तुरी, प्रदीप तुरी, संतु तुरी, अंसु केवट, राहुल तुरी, राजु तुरी, जितु कुमार, लक्ष्मण तूरी, प्रकाश तुरी, परमेश्वर करमाली, प्रभात पावरिया व राजकुमार पावरिया आदि थे।



### गोमिया में बढ़ रहा आजसू का कारवां : डॉ लंबोदर



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया से एनडीए प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो के आवासीय कार्यालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों से आये कई युवाओं ने आजसू की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी के केंद्रीय सदस्य अशोक हेंब्रम एवं प्रखंड उपाध्यक्ष पंकज चौधरी के अलावा डॉ लंबोदर महतो ने उन सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत किया। डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि गोमिया विधानसभा सहित पूरे राज्य भर में आजसू का कारवां बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ा है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विपिन कुमार, किशोर वर्मन, दीपक कुमार उपस्थित थे। वहीं आजसू में शामिल होने वालों में संतोष बेसरा, सोनाराम, दीपक उरांव आदि थे।

## दिव्यांग बच्चों ने पहला कदम स्कूल में धूमधाम से मनाया दीपावली का उत्सव



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल 'पहला कदम' में बुधवार को दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राउंड टेबल 342 के सम्मानित सदस्य भी उपस्थित हुए। सभी दिव्यांग बच्चे और राउंड टेबल के चेयरमैन अनूप गोयल, रोहित अग्रवाल सेक्रेटरी, कशिश व्यास एरिया चेयरमैन पंकज गोयल, अंकुर चौधरी, कमल चौधरी, पहला कदम की सचिव अनिता अग्रवाल और सुपरवाइजर कौशल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चेयरमैन अनूप गोयल ने कहा कि आज पहला कदम में उनकी सबसे अच्छी दीपावली दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि दिव्यांग बच्चे साल भर मेहनत कर दीपक, केंडल एवं अन्य सजावट की सामग्रियां बनाते है जिसका स्टॉल धनबाद के कई जगहों पर लगाया गया। यह पहला कदम स्कूल के 18 वर्ष के ऊपर के बच्चों को रोजगार से जोड़ने के क्रम में स्वावलंबी बनाया जा रहा है। दीपावली के अवसर पर स्कूल में 7अप 7 डाउन, रिंग गेम आदि खेलो के स्टॉल भी लगाए गए। राउंड टेबल 342 की ओर से बच्चों के बीच पटाखे एवं स्वादिष्ट भोजन वितरित किये गये। सभी ने बच्चों को दीपावली की शुभकामना दी। वहीं, सचिव अनिता अग्रवाल ने राउंड टेबल के सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## झरिया में पूर्णिमा नीरज सिंह ने चलाया जनसंपर्क, लोगों से की मतदान की अपील



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया विस सीट से आइएनडीआइए समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह ने बुधवार को कार्यकर्ताओं के साथ डिगवाडीह-12 नंबर क्षेत्र के मांझी बस्ती, कलालपट्टी, गोसाईंपट्टी व न्यू बीसीसीएल कॉलोनी में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान पूर्णिमा सिंह ने डिगवाडीह 12 नंबर के टाटा फ्लैट्स में स्थित काली मंदिर, दुर्गा मंदिर एवं महावीर मंदिर में मत्था टेका और कोयलांचलवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। अपने कार्यकाल और सराकर के पांच साल के विकास कार्यों का रिपोर्टकार्ड पेश किया। झरिया में पानी की समस्या पर कहा कि हम इसके स्थायी और ठोस समाधान पर कार्य कर रहे हैं। जो अगले कुछ महीनों में पूरा हो जायेगा इसके बाद सभी झरियावासियों को निरंतर पानी मिलता रहेगा। पूर्णिमा नीरज सिंह न् क्षेत्र में पानी, सीवर, बिजली के तार बदलने के अलावे कई नए किये जा सकने वाले कार्यों की सूची बनाई। अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके सुरेश पासवान, विक्की शर्मा, गौतम कुमार पासवान, पंचू गोराई, आजाद, सोनू कुमार, इमरान, कुंदन, मंजू देवी, सीता कुमारी, माला देवी व रुकसाना खातून समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## स्क्रूटनी में सपा प्रत्याशी विजय कुमार सहित छह प्रत्याशियों का नामांकन हुआ अस्वीकृत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विधानसभावार नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी बुदवार को की गई। जिसके बाद सिंदरी विधानसभा से संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के माथुर मंडल, निरसा विधानसभा से समाजवादी पार्टी (सपा) के विजय कुमार एवं निर्दलीय उम्मीदवार मोतीलाल सोरेन का नामांकन अस्वीकृत किया गया। वहीं, धनबाद विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी फैसल खान एवं टुंडी विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी मो इस्राफिल व महादेव कुमार का नामांकन भी अस्वीकृत हो गया है।

## डीसी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**धनबाद (आजादसिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने बुधवार को कृषि बाजार समिति एवं धनबाद पॉलिटेक्निक में विधानसभा चुनाव 2024 के लिए बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात जवानों को 24 घंटे मुस्तैदी से निगरानी रखने एवं सीसीटीवी की निरंतर मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। इस मौके पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार व चंदन कुमार आदि मौजूद थे।

# रागिनी सिंह की बड़ी बेटी साक्षी ने किया प्रचार, मां के पक्ष में मतदान की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह की बड़ी बेटी शताक्षी सिंह उर्फ साक्षी घर-घर जाकर मतदाताओं से अपनी मां के पक्ष में मतदामन करने की अपील कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को झरिया-कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप शताक्षी उर्फ साक्षी सिंह भी शामिल थी। झरिया की महिलाओं ने फूल माला और गुलदस्ता देकर साक्षी को सम्मानित किया। महिलाओं ने कहा कि स्व सूर्यदेव सिंह के समय से सिंह मेंशन परिवार से हमलोग जुड़े हैं। सिंह मेंशन परिवार ने हमेशा हम लोगों की मदद की है। कोरोना काल में राशन, टैंकर से पानी सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराया। 2019 में चुनाव हारने के बाद भी प्रत्याशी



रागिनी सिंह झरिया में हमेशा दिखाई दी है और लोगों के बीच रही। वैसे भी प्रत्याशी जो चुनाव जीतने के बाद हमारे मुहल्ले में नजर तक नहीं आई. इस बार हमलोगों ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना लिया है। इसी लिए इसस बार रागिनी सिंह को वोट देकर भारी मतों से जीत दिलायेंगें। वहीं, शताक्षी सिंह उर्फ साक्षी ने कहा कि विपक्ष चुनाव जीतने के बाद पांच साल तक नजर नहीं आई। अब चुनाव आते ही दिखने लगी हैं। लोगों को अपना दुखड़ा सुना रही है। झरिया की जनता सब जान-समझ रही हैं। मेरी मां रागिनी सिंह कोरोना काल में भी सेवा की भावना से रात-दिन लोगों के लिए काम करती रहीं। एक बार मौका दें। भाजपा के पक्ष में मतदान कर रागिनी सिंह की जीजायें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत कीजिए। भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है। भाजपा के कार्यकाल में ही क्षेत्र का विकास होगा। दूसरी ओर, चंदन सिन्हा के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह का समर्थन करते हुए जीत दिलाने का संकल्प लिया।

# अवैध लॉटरी कारोबार का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**निरसा (आजाद सिपाही)।** अवैध लॉटरी कारोबार का पर्दाफाश करते हुए पुलिस के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान प्रकाश मंडल के रूप में हुई है। उसके पास से प्रिंटर, लैपटॉप, पेपर कटिंग मशीन और नागालैंड स्टेट का छपा लॉटरी का टिकट आदि बरामद हुआ है। इसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) रजत मनिक बाखला ने दी। वे मैथन स्थित कार्यालय में बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कालूबथान ओपी क्षेत्र के सावलापुर गांव में अवैध तरीके



से लॉटरी कारोबार संचालित होने की सूलना लगातार 15 दिनों से मिल रही थी। इसी आधार पर टीम गठित कर छापामारी की गयी। जहां से लॉटरी, प्रिंटर, लैपटॉप, दो मोबाइ ल फोन आदि जब्त किया गया। साथ ही आरोपित प्रकाश मंडल को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की मानें तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसने इस कार्य में अपने सहयोग विसु मल्लिक का भी नाम बताया है। जो फिलहाल फरार है। पुलिस का कहना है कि विसु को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, छापमारी टीम में कालूबथान ओपी प्रभारी नितेश मिश्रा, एसआई आशुतोष यादव, दुबराज महली, अरुण कुमार एवं शस्त्र बल के जवान शामिल थे।1

### प्रातः भ्रमणकारियों के बीच पहुंचे राज सिन्हा, केक काटकर ली बधाई

# लोगों के विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव करूंगा प्रयासः राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा बुधवार की सुबह रणधीर वर्मा स्टेडियम पहुंचे, जहां मौजूद प्रातः भ्रमण कारियों ने उनका स्वागत किया। रणधीर वर्मा स्टेडियम में प्रातःकालिन भ्रमणकारियों की टीम ने जावेद खान की अध्यक्षता में राज सिन्हा को फूल माला पहनकर स्वागत किया। उन्हें केक खिलाकर जीत की अग्रिम बधाई दी। वहीं, सुबह-सुबह लोगों का अभिवादन पाकर राज सिन्हा भी काफी खुश नजर आए। कहा कि लोगों का जो प्यार-सम्मान आज मिला इस भरोसे को कायम रखूंगा। कहा कि लोगों द्वारा पहनाया गया माला विश्वास का है, जिसे कभी टूटने



राज सिन्हा को केक खिलाते प्रातः भ्रमणकारी।

नहीं देंगे। धनबाद की जनता के विश्वास पर खरा उतरने का हरदम प्रयास करेगें। वहीं, प्रातःभ्रमणकारी आनंद चौरसिया ने कहा कि राज सिन्हा लगातार लोगों के बीच में रहने वाले नेता है। इस बार हमलोग उन्हें जीताने के लिए मतदान करेंगें, ताकि इनको मंत्रालय मिले और धनबाद का विकास और तेजी से हो सके। इस मौके पर कमलेश कुमार, राजेश कुमार, मनोज सिंह, जाकिर खान, संजय शर्मा, मनोज मालाकार, श्री नारायण मोदी जी, डॉ विजय प्रकाश, नायब अली, जाकिर हुसैन, अनूप चौरसिया, अजयकांत सिन्हा, विकास चौरसिया, डॉ अंजू, शमीम खान, सलीम खान, मुमताज कुरैशी और इकबाल अंसारी आदि मौजूद थे।

न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिलादण्डाधिकारी, लातेहार।
(जिला विधि शाखा)
सी0सी0ए0 वाद संख्या–40/2024

प्रेषित,
इन्द्रदेवउराँव, पे0–कार्तिक उराँव,
ग्राम–नचनासुरांगीटोला, थाना–बारियातु,
जिला–लातेहार।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा– 3(3)(ए) के अन्तर्गत उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय के विचाराधीन सी0सी0ए0 वाद संख्या–40/2024 की सुनवाई आज दिनांक 29.10.2024 कोकी गयी जिसमें आप अनुपस्थित थे। उक्तवाद की सुनवाई की अगली तिथि 01.11.2024 को निर्धारित है।

अतः अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 01.11.2024 को समय 03:00 बजे अपराहन् में न्यायालय में उपस्थित हो कर पक्ष रखना सुनिश्चित करें अन्यथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर सेनोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 339713 District(24-25)D

**Format C-1**

Declaration about criminal cases
(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No 536 of201l (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate:- **JALESHWAR MAHATO , LAL BUNGLOW, PANDEYDIH, POST-MAHUDA, DIST- DHANBAD, JHARKHAND-828305**
Name of political party: **INDIAN NATIONAL CONGRESS**
Name of Election : **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION-2024**
Name of Constituency: **43, BAGHMARA**

I **JALESHWAR MAHATO** a candidate for the above -mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:
(A) Pending criminal cases

| Sl. NO | Name of court & date of order | Case no and dated | Status of Case | Sections of acts concerned and brief description of offence |
|---|---|---|---|---|
| 1 | SRI ANUJ KUMAR JM -1ST | GR No. 6657/16 ABP No. 567/2019 RANCHI, JHARKHAND 405/2016 AT JAGARNATHPUR, PO- DHURWA, RANCHI | INVESTIGATION PENDING NOT YET CHARGE SHEETED | U/S 147, 149, 188, 159, 353, 427, 151, 323, 152 OF THE IPC MADE UNLAWFUL ASSEMBLY AND DISOBEYED THE ORDER OF ADM OFFICER, BROKEN THE BARRICADES, AND VIOLATED OF ORDER 144 CRPC. |

| Sl NO | Name of court & date of orders | Description of. offence(s) & Punishment Imposed. | Maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| 1. | NIL | NIL | NIL |
| 2. | NIL | NIL | NIL |
| 3. | NIL | NIL | NIL |

Sd/-
JALESHWAR MAHTO
Indian National Congress
Jharkhand

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 16/2024–25

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.11.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 06.11.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.11.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Preparation of Counting Hall, Strong Room in the Campus of Government Polytechnic, Latehar for the General Assembly Election -2024 | 24,95,100 /- | 50 ,000/ - | 5,000/ - | 05 (Five ) Days |
| 2 | Preparation of EVM Commissioning & Dispatch Centre for Assembly Election 2024 at Indoor Badminton Stadium & Bharat Mata Building at Latehar | 5,55,600 /- | 11,500/ - | 1,250/ - | 05 (Five ) Days |

नोट :– यह निविदा विधानसभा आम चुनाव 2024 हेतु प्रकाशित की जा रही है।
नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 339748 (Building)24-25*D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 31 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# रेल मंत्री और स्विस रेल के प्रमुख ने किया समझौता पत्र पर हस्ताक्षर

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** भारत और स्विट्जरलैंड के बीच रेल क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने हेतु आपसी सहमति हुई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में भारत के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और स्विस रेल के प्रमुख अल्बर्ट रोएस्टि ने किया समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया। कार्यक्रम में सबसे पहले स्विट्जरलैंड में भारत के राजदूत मृदुल कुमार ने फेडरल काउंसलर और डीईटीईसी के प्रमुख अल्बर्ट रोएस्टि को एक शॉल भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में अल्बर्ट रोएस्टि ने अपने संबोधन में भारत और स्विट्जरलैंड के बीच रेलवे के क्षेत्र में सहयोग के महत्व पर जोर दिया तथा इस बात को स्पष्ट किया कि स्विट्जरलैंड की उन्नत रेलवे तकनीक भारत में रेलवे के विकास में हर प्रकार से मददगार सिद्ध हो सकती हैं। भारत के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम में विचार साझा करते हुए कहा कि पूरे देश में सुरक्षित एवं तीव्र गति का रेल परिचालन भारत सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। रेलवे के समग्र विकास के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में रेलवे के क्षेत्र में तकनीकी उन्नयन और संरक्षण हेतु अथक प्रयास किये गये हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल और स्विट्जरलैंड की रेल के बीच आपसी सहयोग हेतु समझौता पत्र हस्ताक्षर हो जाने से तकनीकी, पटरियों के रख-रखाव, प्रबंधन और निर्माण के क्षेत्र में दोनों देशों को लाभ होगा और एक दूसरे की विशेषताओं और विशेषज्ञताओं से दोनों देश लाभान्वित होंगे। स्विट्जरलैंड के तकनीकी सहयोग से टर्न आउट और दूसरे तकनीकी मामलों में भारतीय रेल की दक्षता में और वृद्धि होगी। समझौता पत्र के माध्यम से दोनों देशों के बीच ट्रैक्शन रोलिंग स्टॉक, ईएमयू और ट्रेन सेट, ट्रैक्शन प्रोपल्शन उपकरण, रेलवे विद्युतीकरण उपकरण और टनलिंग तकनीक के मामले में एक दूसरे को सहयोग प्राप्त होगा।

## तीन रेलवे कर्मचारियों को उनकी समर्पित सेवा के लिए पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने किया सम्मानित



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने ड्यूटी के दौरान सतर्कता और काम के लिए तीन रेलवे कर्मचारियों के असाधारण प्रदर्शन को सम्मानित किया। उनकी त्वरित कार्रवाई ने बड़ी दुर्घटनाओं को रोकने, मानव जीवन बचाने और ट्रेन को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त महाप्रबंधक महेश कुमार बेहेरा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी और अन्य प्रमुख विभागीय अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने रेलवे के भीतर सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। विशाखापत्तनम के मुख्य यातायात निरीक्षक जी श्रीधर, संबलपुर के पास सरला आरओएच के तकनीशियन-1 सुशांत कुमार गिरि और विजयनगरम स्टेशन के तकनीशियन- ।। वी रामकृष्ण को उनके गहन कार्यान्वयन के लिए सम्मानित किया गया।

## सीआइडी अपराध शाखा ने 24 अंतरराज्यीय साइबर लुटेरों को किया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अपराध शाखा ने एक बड़ी साइबर लुट का खुलासा किया है। अंतरराज्यीय साइबर लुट के सिलसिले में 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस साइबर लुटेरे ने व्हाट्सएप पर कोटाक इन्वेस्टमेंट क्लब ग्रुप बनकर 6 करोड़ 28 लाख रुपये का धोखाधड़ी की थी। यह पैसा 100 से अधिक बैंक खातों में स्थानांतरित किया गया था। अपराध शाखा द्वारा गठित सात टीमों ने तमिलनाडु से नौ, गुजरात से आठ और राजस्थान से सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान अभियुक्तों से जब्त किये गये विभिन्न बैंक खातों से कुल 16.85 लाख रुपये फ्रिज किये गये हैं। अपराध शाखा ने अब तक शिकायतकर्ता को 6.80 लाख रुपये वापस कर दिये हैं। अपराध शाखा के एडीजी विनयतोष मिश्र ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घटना की जांच चल रही है।





















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**